## न्यूज ब्रीफ

### 50 लाख की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला वार्ड 7पहाड़ों वाला निवासीगुलशन पुत्री नसीम अहमद ने पुलिस को भी तेरे मेंकहा कि उसकी शादी 3 मार्च 2024 को ग्राम पत्थर पत्थर खेड़ा ग्वाड़ी/शिवनगर निवासी शमशाद हुसैन के पुत्र नसीम अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के दौरान पीड़िता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था और शादी के कुछ समय बाद ही ताने देने शुरू कर दिए गए। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के लगभग एक माह बाद से ही पति, सास जाफरी उर्फ मुन्नी, ससुर नन्हे, देवर नाजिल व नाजिम समेत अन्य परिजनों ने मिलकर 50 लाख रुपये की मांग रखी। जब उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। ललिता की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाक मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चाकू से बेटे पर हमला किया, हालत गंभीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम रामूवाला गणेश निवासी सुमित कुमार पुत्र प्रेम सिंह ने किसी बात को लेकर बेटे आयुष पर अचानक चाकू से वार कर दिया। हमले में आयुष की कोहनी और बांह पर गहरे घाव हो गए। परिजन बच्चे को अस्पताल लेकर गए। आरोपी की हरकतों से परेशान उसकी पत्नी डोली करीब डेढ़ वर्ष पहले बेटी आयुषी को लेकर चली गई थी। घटना के दिन भी सुमित अपने बेटे के साथ मारपीट कर रहा था। परिजनों द्वारा रोकने पर वह और उग्र हो गया और चाकू निकालकर बेटे पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### किसान के घर नकब लगाकर लाखों की चोरी

**भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार की रात को चोर गांव गणेशपुर निवासी खुर्शीद पुत्र खैराती के घर की दीवार में नकब लगाकर एक लाख 24 हजार रुपए की नगदी, गुल्लक में रखे रुपए और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। किसान के घर की पिछली दीवार जंगल में है। चोरों ने उसी में नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पंचायत भवन में आयोजित सम्मेलन में मुरादाबाद सहित संभल, रामपुर, बरेली, अमरोहा, बिजनौर व हापुड़ से जुटे लोग

# योग से स्वस्थ समाज और संस्कार निर्माण का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वक्ताओं ने योग विस्तार पर दिया जोर, स्वस्थ जीवन के लिए बताया जरूरी
- कार्यकर्ताओं एवं योग शिक्षकों से विषमुक्त खान-पान अपनाने पर दिय जोर

**अमृत विचार :** पंचायत भवन में भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार के कार्यकर्ता सम्मेलन में योग को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ, संस्कारित और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में मुरादाबाद सहित संभल, रामपुर, बरेली, अमरोहा, बिजनौर व हापुड़ से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं योग शिक्षक शामिल हुए।

राकेश कुमार ने कहा कि निशुल्क योग कक्षा चलाना अत्यंत पुण्य का कार्य है, जो असाध्य रोगियों को भी स्वस्थ बनाने में सहायक है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने कहा कि नशा, अश्लीलता और संस्कारहीनता के कारण समाज में अपराध और अशांति बढ़ रही है, जिससे निपटने के लिए योग जरूरी है। केमिकल विषयुक्त आहार से 90% आबादी किसी न किसी असाध्य रोग से पीड़ित है। ऐसे विषैले वातावरण में केवल योग ही समाधान है जो हमें रोगमुक्त ही नहीं अपितु हमारे विचारों को भी शुद्ध करता है।



योग एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राकेश कुमार। ● अमृत विचार

**स्वामी रामदेव का संदेश :** योगगुरु स्वामी रामदेव ने वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन व आशीर्वाद दिया और योग के व्यापक प्रसार का आह्वान किया। बताया कि संगठन द्वारा देशभर में एक लाख से अधिक निशुल्क योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि के यम-नियम व्यक्ति को अनुशासित बनाकर समाज में नैतिकता और संस्कारों का निर्माण करते हैं। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार, ज्ञानेंद्र गांधी, दयाशंकर आर्य, बिपिन आर्य, अनिल सिक्का, जिलाध्यक्ष जितेंद्र आर्य और विजय अरोरा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

### योगिक प्रदर्शन

कार्यक्रम के अंत में योग साधकों ने योगिक प्रदर्शन कर दर्शकों को आकर्षित किया। संचालन राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री ने किया। हापुड़ से अमित तोमर, कृष्णपाल, बरेली से रवि शुक्ला, रामबाबू, रामपुर से मनीष कुमार, रवि मेहरा बिजनौर से बीए लाल, संभल से यशपाल शास्त्री, रामवीर शास्त्री भुवनेश अमरोहा से भीष्म आर्य, बिलारी से निहाल सिंह आर्य, सुनील आर्य, काशीपुर से अंबरीष गर्ग ठाकुरद्वारा से वेदप्रकाश आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित हुए। वहीं मुरादाबाद से पूनम चौहान लक्ष्मी यादव, अर्चना गुप्ता, सुषमा सरन, नीरज गुप्ता, अमित तोमर, खिलेंद्र सिंह, प्रकाश वीर आर्य, राकेश कुमार, संजीव शर्मा, मथुरा प्रसाद, विजय कुमार, यशपाल आर्य, दयाशंकर, मनोज कुमार, उदयभान सिंह, प्रदीप कुमार विश्नोई, उमेश आर्य मनोज रस्तोगी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 60 महिलाओं ने कराई जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं ने रविवार को बुद्धि विहार स्थित भाटिया चौराहा पर ट्रस्ट कार्यालय में निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में डॉ. प्रीति गुप्ता और डॉ. सुदीप कौर ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया। शिविर में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जांच के बाद महिलाओं को दवाइयों के साथ सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर, राजेश रस्तोगी, गरिमा सिंह मौजूद रहे।

# बुध बाजार में चार दिन से ठप विद्युत आपूर्ति, कारोबार प्रभावित

## आंधी से बाधित हुई बिजली आपूर्ति कई क्षेत्रों में अभी तक नहीं हो सकी बहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मानपुर, साईं काम्प्लेक्स और सुपर बाजार में नहीं आ रही बिजली
- बिजली आपूर्ति बाधित होने से कारोबार पर पड़ रहा बुरा असर

> आंधी के बाद जिले में निरंतर मरम्मत का कार्य चल रहा है। बिजली आपूर्ति सुचारु कराने के लिए सभी लोग जुटे हैं, जल्द ही बिजली आपूर्ति में सुधार मिलेगा।
> –अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता

**अमृत विचार :** जनपद में चार दिन पूर्व आई आंधी से अभी तक बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। मानपुर, बुध बाजार स्थित साईं काम्प्लेक्स परिसर, नगर की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक मार्केट सुपर बाजार में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। लगातार अंधेरे और उमस भरी गर्मी के बीच व्यापारियों में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

बुधबाजार के दुकानदारों में रविवार को बिजली विभाग के खिलाफ का बड़ा आक्रोश देखने को मिला। दुकानदारों का कहना है कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। बिजली न होने के कारण दुकानें समय से नहीं खुल पा रही हैं और जो खुल रही हैं, उनमें भी ग्राहक कम आ रहे हैं। फ्रीज, कूलर और अन्य बिजली आधारित उपकरण की मार्केट में बिना बिजली के कार्य पर गहरा असर पड़ रहा है। वहीं घरों में खाद्य सामग्री भी लंबे समय से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण खराब होने का भी खतरा हो रही है। व्यापारी दीपू प्रभाकर ने बताया कि चार दिन से बिजली नहीं है, जिससे पूरा कारोबार चौपट हो गया है। ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है और रोजाना नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं सुपर आजार के मोबाइल पार्टस व बिजली के उपकरणों के विक्रेता अमित रस्तोगी ने कहा कि बिल समय से जमा करने के बावजूद अगर बिजली न मिले तो यह सीधी लापरवाही है। सिर्फ मानपुर ही नहीं, बल्कि कांठ, बिलारी, कुंदरकी और मूंढापांडे क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बीते दो दिनों से सुचारू नहीं हो सकी है। ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर बिजली के पोल टूटे पड़े हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है। इससे बिजली बहाली में लगातार देरी हो रही है और लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है।



बिजली लाइन सही करता कर्मचारी।

बिजली संकट का असर अब पेयजल व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति विद्युत मोटरों पर निर्भर है, ऐसे में बिजली न होने के कारण पानी की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है। लोग दूर-दराज के हैंडपंपों और अन्य स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

## सड़क पर नमाज पढ़ने वाला युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी युवक।

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के व्यस्तम इलाके शाहबाद गेट के समीप एक युवक का सड़क पर नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ था। रविवार रात को वीडियो तेजी से वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई और पुलिस युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान नईम निवासी धावनी हसनपुर, थाना बिलासपुर के रूप में हुई। वो सिविल लाइंस क्षेत्र के एक होटल में करता है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एएसपी ने कहा कि सड़क पर इस तरह की गतिविधियां यातायात और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं।

# शराब से ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा फास्ट फूड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- युवाओं के लिए साइलेंट खतरा हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर की चपेट में

**अमृत विचार :** बदलती खानपान की आदतें अब स्वास्थ्य पर भारी पड़ने लगी हैं। चिकित्सकों के अनुसार शराब से ज्यादा फास्ट फूड और अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन अब लिवर के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि हर तीसरे व्यक्ति में फैटी लिवर की समस्या सामने आ रही है, जिसमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो शराब का सेवन नहीं करते।

गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. मनोज कुमार अरोरा के अनुसार पहले लिवर की बीमारियां मुख्य रूप से शराब सेवन से जुड़ी होती थीं, लेकिन अब मेटाबॉलिक डिस्फंक्शन एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटिक लिवर डिजीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। अल्ट्रासाउंड जांच में ऐसे कई मरीजों में लिवर पर फैट जमा होने की पुष्टि हो रही है। खास बात यह है कि शुरुआती अवस्था में इस बीमारी के लक्षण स्पष्ट नहीं होते, जिससे लोग समय रहते सचेत नहीं हो पाते।

उन्होंने बताया कि चिंताजनक पहलू यह भी है कि 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों में भी फैटी लिवर के मामले सामने आ रहे हैं। मोटापे से ग्रस्त बच्चों में इसका खतरा और अधिक होता है। यदि समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह स्थिति लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। हालांकि, राहत की बात यह है कि शुरुआती स्तर पर फैटी लिवर को जीवनशैली में बदलाव कर नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है। वहीं, शराब से होने वाली लिवर समस्याओं में भी सुधार संभव है, यदि व्यक्ति समय पर शराब का सेवन पूरी तरह छोड़ दें।

### अपनाएं ये आदतें

- फलों और साबुत अनाज का अधिक सेवन करें।
- फास्ट फूड से दूरी बनाएं, घर का संतुलित आहार लें।
- बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें।
- नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।
- शराब का सेवन पूरी तरह त्यागें।

# वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार:** मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर कोसी पुल के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से नर तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुए का सड़क पर तड़पता देख मार्ग से निकल रहे राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी।

दढ़ियाल चौकी के अंतर्गत कोसी नदी पर बने पुल के पास रविवार सुबह करीब 7 बजे तेंदुए का शव देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। स्थानीय लोगों में यह भी चर्चा है कि मृत तेंदुए के साथ एक मादा तेंदुआ भी थी, जो हादसे के बाद जंगल की ओर भाग गई। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, खासकर उन किसानों और राहगीरों में जो खेतों की ओर जाते हैं। क्षेत्र के लोग लंबे समय से तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे थे। तेंदुआ मेवला फार्म और हुसैन स्टोन क्रेशर पर भी कई बार देखा जा चुका था, और एक बार सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ था। वन विभाग की टीम अब अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है, जिसने तेंदुए को टक्कर मारी थी। वन रेंजर रमाकांत सक्सेना ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तेंदुए के शव का दाह संस्कार कर दिया गया है।



दढ़ियाल में सड़क पर मृत पड़ा तेंदुआ।

- सड़क पर तड़पता देख राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी

### वन विभाग का पिंजरा खाली

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती दहशत के बीच वन विभाग हरकत में तो आया, लेकिन उसकी कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। कुंदनपुर के जंगल में तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है और उसमें बकरी को शिकार के तौर पर बांधा गया है, लेकिन ग्रामीण इसे नाकाफी और गलत स्थान पर किया गया प्रयास बता रहे हैं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीमपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। खेतों पर पहुंचे मजदूरों ने जब कुत्ते का क्षत-विक्षत शव देखा तो उनके होश उड़ गए और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए के पदचिह्नों की तलाश की। रविवार को विभागीय टीम ने कुंदनपुर के जंगल में परमजीत के फार्म हाउस के पास पिंजरा लगाकर उसमें बकरी बांध दी।

## निराश्रित महिला पेंशन योजना ने बनाया स्वाभिमानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में निराश्रित महिला पेंशन योजना बेसहारा महिलाओं के लिए बड़ा सहारा साबित हो रही है। वर्तमान में जनपद की 64,150 महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं, जिनके बैंक खातों में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे भेजी जा रही है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देशन में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। धनराशि डीबीटी से हर तिमाही सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में 6,241 नई महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया है। इससे अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिली है।

# नारायणपुर छंगा जा रहीं सपा सांसद हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित होने के बाद से ही माहौल तनावपूर्ण है। सपा सांसद रुचि वीरा रविवार को ठाकुरद्वारा के नारायणपुर छंगा गांव में पीड़ितों से मिलने के जाने को निकलीं, लेकिन हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने सांसद रुचि वीरा को पार्टी पदाधिकारियों के साथ साथ उनके सिविल लाइंस स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

सपा सांसद रुचि वीरा रविवार को ठाकुरद्वारा के नारायणपुर छंगा गांव में जाने की तैयारी में थीं, जहां प्रतिमा खंडित होने के बाद विवाद बढ़ गया था। प्रशासन को आशंका थी कि उनके वहां पहुंचने से स्थिति और बिगड़ सकती है। इसी के चलते पुलिस ने उन्हें आवास से बाहर जाने से रोक दिया। इस दौरान एसपी सिटी भारी पुलिस बल के साथ कई घंटों तक सांसद के आवास पर मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा को निकली सांसद रुचि वीरा को पुलिस ने आवास पर किया हाउस अरेस्ट।

- रुचि वीरा के डा. आंबेडकर की तुलना भगवान श्रीराम से करने वाले बयान को लेकर चर्चा तेज

उनके साथ जाने की कोशिश कर रहे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने रोक दिया। घटना के बाद सांसद रुचि वीरा का बयान भी चर्चा में आ गया, जिसमें उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के महत्व को बताते हुए उनकी तुलना भगवान राम से की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के लोगों को अधिकार दिलाए हैं और समाज के कई वर्गों के लिए उनका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद ने इस दौरान भाजपा और आरएसएस पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बाबा साहेब के सम्मान को लेकर गंभीर नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भगवान राम का सभी सम्मान करते हैं और वह स्वयं सनातन धर्म को मानने वाली हैं, लेकिन बाबा साहेब का योगदान भी समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फिलहाल, प्रशासन ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

### 13 नामजद व कई अज्ञात पर केस दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में जन्मदिन समारोह के दौरान हुए बवाल के मामले में पुलिस ने दूसरी तरफ से भी 13 नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में गाड़ियों में तोड़फोड़, फायरिंग, मारपीट और घर में घुसकर हमला करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। पीड़ित मिशर चंद की तहरीर के अनुसार 16 अप्रैल को अजय प्रताप सिंह के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में रात करीब 10 बजे कुछ लोग बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ करने लगे। सूचना मिलने पर जब मंगेश कुमार सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपित लाठी-डंडों और पत्थरों से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा रहे थे। विरोध करने पर आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए पथराव शुरू कर दिया और तमंचों से फायरिंग की। जान बचाने के लिए लोग पास के एक घर में घुस गए, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए।

# अचानक स्टार्ट हुआ ट्रैक्टर दबकर बच्चे की मौत, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

- लग्न का सामान ले जाने के लिए घर के बाहर खड़ा था ट्रैक्टर

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई ठाकरान में लग्न का सामान ले जाने की तैयारी के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के अचानक स्टार्ट हो जाने से 6 वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



मृतक बच्चा।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी गन्नोपाल की बेटी की लग्न एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर जा रही थी। इसी दौरान परिवार में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। मिंटू का भांजा रचित (7), निवासी नूरियो सराय अपनी मां के साथ यहां आया हुआ था। वहीं गांव के देवेंद्र का बेटा सूर्यांश (6) भी मौजूद था। बताया जाता है कि लग्न का सामान ट्रैक्टर में लोड कर घर के बाहर खड़ा किया गया था। इसी बीच चार-पांच बच्चे खेलते-खेलते ट्रैक्टर के पास पहुंच गए। दो बच्चे, सूर्यांश और रचित, ट्रैक्टर के नीचे खड़े थे, जबकि अन्य बच्चे ट्रैक्टर पर चढ़ गए। खेल-खेल में किसी बच्चे ने ट्रैक्टर की चाबी घुमा दी, जिससे वह अचानक स्टार्ट हो गया। आगे बढ़ने से नीचे खड़े सूर्यांश और रचित दब गए। हादसे में सूर्यांश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रचित गंभीर घायल हो गया। परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## सम्मान | प्राकृतिक और केमिकल रहित खेती को दे रहे बढ़ावा

# आरेन्द्र बड़गोती को मिला नेचुरल फार्मिंग आइकॉन अवार्ड

कार्यालय संवददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिलारी तहसील क्षेत्र के प्रगतिशील किसान आरेन्द्र बड़गोती ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए न केवल अपनी अलग पहचान बनाई है, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें नेचुरल फार्मिंग आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान 17 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित भव्य समारोह में गुजरात नेचुरल फार्मिंग साइंस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सीके टिम्बाडिया एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीके सदामते के द्वारा संयुक्त रूप से आरेन्द्र बड़गोती को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि जागरण समूह द्वारा किया गया, जो देशभर में किसानों के उत्थान और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम में एमसी डोमिनिक (संस्थापक) और शाइनी डोमिनिक (प्रबंध निदेशक) की उपस्थिति भी रही। आरेन्द्र बढ़गोती पिछले कई वर्षों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती में बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी इस पहल से न केवल खेती की लागत में कमी आई है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनके प्रयासों से प्रेरित होकर बिलारी और आसपास के क्षेत्रों के कई किसान अब प्राकृतिक खेती की ओर रुख कर रहे हैं। आरेन्द्र बढ़गोती समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नई तकनीकों की जानकारी भी देते रहते हैं।



नेचुरल फार्मिंग आइकॉन अवार्ड से सम्मानित होते आरेंद्र बड़गोती। ● अमृत विचार

सम्मान प्राप्त करने के बाद आरेन्द्र बढ़गोती ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए गर्व का विषय है और इससे उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील की कि वे प्राकृतिक खेती अपनाकर अपनी आय बढ़ाएं और स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा करें। क्षेत्र के किसानों और गणमान्य लोगों ने आरेन्द्र बड़गोती की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। साथ ही इस अवसर को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है।

# आईक्रेस्ट एप्पल का ग्रैंड लांच



आईक्रेस्ट एप्पल के शोरूम का उद्घाटन करते महापौर विनोद अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीली कोठी रोड स्थित क्रॉस रोड मॉल में आईक्रेस्ट एप्पल का अधिकृत शोरूम लांच किया गया। स्टोर का उद्घाटन महापौर विनोद अग्रवाल और आईक्रेस्ट के हेड राघव अग्रवाल ने किया। इस दौरान एसपी सिटी रणविजय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नए शोरूम के खुलने से अब शहर और आसपास के लोगों को आईफोन, मैकबुक, आईपैड, एप्पल वॉच और एयरपॉड्स जैसे लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के लिए दिल्ली या नोएडा नहीं जाना पड़ेगा। स्टोर पर एप्पल सर्टिफाइड स्टाफ द्वारा ग्राहकों को खरीद से पहले और बाद में पूरी गाइडेंस दी जाएगी। लॉन्च के मौके पर आईफोन 17 सीरीज, मैकबुक एयर एम5 और अन्य नए प्रोडक्ट्स का लाइव डेमो भी आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राहकों के लिए एक्सचेंज ऑफर, बैंक फाइनेंस और बजाज फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। पहले तीन दिनों के लिए खास ऑफर्स में आईफोन पर चार हजार रुपये तक कैशबैक, मैकबुक पर फ्री एसेसरीज और एप्पल केयर पर छूट शामिल है। स्थानीय ग्राहकों ने इसे शहर के लिए बड़ी सुविधा बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### अरोग्य व सक्षम की घातक गेंदबाजी से पारकर एकेडमी जीती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को खेले गए इंटर क्लब मुकाबले में पारकर क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पारकर रेड को 52 रन से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पारकर क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में नौ विकेट खोकर 159 रन बनाए। टीम की ओर से निकिता दास ने 24 रन, धीरज ने नाबाद 22 रन और चांद अंसारी ने 20 रन का योगदान दिया। देव ने 17 रन बनाए, जबकि कृष्णा चौहान 17 रन बनाकर चोटिल हो गए और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारकर रेड की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और 21.4 ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए सजल ने 29 रन और लक्षित ने 15 रन बनाए। रुद्र और रिषभ ने नाबाद 12-12 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पारकर क्रिकेट एकेडमी की ओर से अरोग्य और सक्षम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके। क्रिश ने दो विकेट हासिल किए, जबकि चांद अंसारी और धीरज को एक-एक सफलता मिली। अरोग्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### सलेमपुर के जंगल में खूंखार तेंदुआ पिंजरे में कैद

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर के जंगलों में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना खूंखार तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया है। कुछ दिन पूर्व ग्राम सलेमपुर निवासी किसान राजीव कुमार पत्नी ललिता के साथ खेत में गेहूं की गहाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका पुत्र लाव्यांश (5) पास में खेल रहा था। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर उसे जबड़ों में दबोच लिया। घायल बालक का इलाज चल रहा है। ग्रामीणो के आक्रोश के बाद वन विभाग ने कई स्थानों पर पिंजरे लगाए। शनिवार रात सलेमपुर के जंगल में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 5:30 बजे सूचना मिली थी।

### मामूली विवाद में युवक पर लोहे की रॉड से हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार स्थित साईं कॉम्प्लेक्स में मामूली विवाद के चलते युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि रविवार सुबह कॉम्प्लेक्स में सफाई का कार्य करने वाले अमित सरन निवासी दौलत बाग थाना नागफनी का कॉम्प्लैक्स में पानी सप्लाई करने वाले वासु से जमीन पर पानी डालने को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपी वासु ने अमित के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। हमले में अमित गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### एक किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि शनिवार की देर रात पुलिस ने देशी शराब दुकान की ओर से श्मशान घाट जाने वाले रास्ते पर खड़ी झाड़ियों के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो 60 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजेन्द्र सैनी उर्फ चव्वा निवासी मझोला के रूप में हुई है।

## सोने-चादी के ऊंचे भाव के बीच ग्राहकों की उमंग बरकरार, हल्के और ट्रेंडी गहनों की बढ़ी मांग

# अक्षय तृतीया पर चमका सराफा बाजार, जमकर खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार को शहर का सराफा बाजार पूरे दिन गुलजार रहा। सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल देखने को मिली और देर शाम तक खरीदारी का दौर जारी रहा। सहालग के साथ पड़े इस शुभ संयोग ने बाजार में अतिरिक्त रौनक भर दी, जिससे कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए।

सोने-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर के करीब होने के बावजूद ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सोना करीब 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास बनी रही। महंगे भाव के चलते ग्राहकों ने भारी गहनों की बजाय हल्के, स्टाइलिश और आकर्षक डिजाइन वाले आभूषणों को प्राथमिकता दी। बाजार में महिलाओं और युवाओं की खासी भीड़ रही। कई परिवारों ने इस दिन को शुभ मानते हुए खरीदारी की, वहीं सहालग के चलते शादी-विवाह के लिए भी गहनों की जमकर खरीद हुई। ज्वेलरी शोरूमों पर नए कलेक्शन और आकर्षक ऑफर ग्राहकों को लुभाते नजर आए। गंज सराफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि अक्षय तृतीया हर वर्ष की तरह इस बार भी बाजार के लिए बेहद सकारात्मक रही। महंगाई के बावजूद ग्राहकों ने खरीदारी में रुचि दिखाई है। सहालग का सीजन होने से बिक्री को और गति मिली है।


अक्षय तृतीया पर ज्वेलरी शॉप पर जेवर देखती महिलाएं। ● अमृत विचार


अक्षय तृतीया पर ज्वेलरी शॉप पर जेवर की खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### क्या बोले कारोबारी

सराफा कारोबारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस बार ग्राहकों की पसंद में बदलाव साफ दिख रहा है। लोग हल्के और डिजाइनर गहनों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। वहीं दिव्यांशु अग्रवाल का कहना है कि कीमतें ऊंची होने के बावजूद बिक्री अच्छी रही है, खासकर सहालग के कारण मांग बनी हुई है।

### ग्राहकों की राय

ग्राहक पूजा शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया पर कुछ न कुछ खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए हमने बजट के अनुसार हल्का गहना लिया। वहीं ग्राहक राजेश वर्मा ने बताया कि कीमतें ज्यादा हैं, लेकिन त्योहार और शादी के कारण खरीदारी जरूरी हो जाती है, इसलिए डिजाइन और वजन देखकर खरीदारी की।

### बाजार का माहौल

त्योहार के चलते सराफा बाजार में सुबह से ही उत्सवी माहौल देखने को मिला। गंज, गुरहट्टी, मंडी चौक, कांठ रोड, दिल्ली रोड पर दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कई स्थानों पर ग्राहकों को विशेष ऑफर दिए गए। भीड़ के कारण कई शोरूमों पर इंतजार की स्थिति भी बनी रही।

### क्या रहा ट्रेंड

इस बार सराफा बाजार में हल्के वजन की चेन, रिंग, पेंडेंट सेट और कस्टमाइज्ड डिजाइन वाली ज्वेलरी ट्रेंड में रही। रोजमर्रा में पहनने योग्य और फ्यूजन स्टाइल के गहनों को युवाओं ने खासा पसंद किया, जबकि शादी के लिए भी हल्के लेकिन आकर्षक सेट की मांग बढ़ी।

### महिला ने पति पर लगाया दूसरी शादी का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना नागफनी क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा दूसरी शादी करने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ नागफनी पुलिस पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए डीआईजी से शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी पति, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज मुकदमा दर्ज किया है।

बदायूं जनपद के कस्बा उसैद निवासी शाविया अंजुम ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़िता की ओर से दिए शिकायती पत्र पर डीआईजी के आदेश पर थाना नागफनी पुलिस ने पति नसीम अहमद, ससुर अमीर अहमद और देवर आज वारसी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भव्यता संग निकली भगवान परशुराम शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

## नारियल फोड़कर किया गया शोभायात्रा का शुभारंभ, विभिन्न झांकियों और भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने लिया उत्साहपूर्ण हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नगर मुरादाबाद की ओर से भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ रविवार को अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। शोभायात्रा में शहरभर के श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति, उमंग व जयकारों का माहौल बना रहा। यात्रा का समापन आरएए इंटर कॉलेज में हुआ, जहां विधिवत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

शोभायात्रा की अगुवाई नगर विधायक रितेश गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सचिन शंखधार, ऊषा शर्मा, ऋचा शर्मा, अमित शर्मा राजू और प्रणवीर शर्मा ने की। सबसे आगे बैनर व ढोल-नगाड़ों की धुन आकर्षण का केंद्र रही। शुभारंभ मोहल्ला बाजीगरान में डॉ. प्रदीप शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, रोहताश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा व गोपाल मिश्रा ने नारियल फोड़कर, भगवान परशुराम जी की आरती व माल्यार्पण के साथ किया।

शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री गणेश की झांकी रही, जिसमें सुशील शर्मा, विमलेंद्र शर्मा, राजेन्द्र मोहन शर्मा व आशुतोष शर्मा प्रसाद वितरण करते चल रहे थे। राम-केवट संवाद के साथ डॉ. आनंद प्रकाश शर्मा, डॉ. राम अवतार शर्मा, डॉ. विनोद पांडेय व डॉ. पीके शुक्ला भगवान राम का स्मरण करते हुए आगे बढ़े। खाटू श्याम की झांकी के साथ सर्वेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र मोहन शर्मा व विशाल दीक्षित रहे, जबकि राम दरबार के आगे वेद प्रकाश शर्मा, रत्नेश शर्मा, बैकुंठ नाथ मिश्रा व मृगांक त्यागी शामिल रहे। राधा-कृष्ण झांकी के आगे संजय स्वामी, अनिमेष शर्मा, अवधेश पाठक, खेमपाल शर्मा व दीपक शर्मा राधे-राधे भजन गाते हुए चल रहे थे।

धीरशांत दास अर्द्धमौनी की भजन प्रस्तुति पर सभी श्रद्धालु झूमते-गाते चले। बैंड-बाजों की भक्ति धुन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा व जलपान द्वारा स्वागत किया गया, जिसमें हरे कृष्ण सेवा न्यास समिति, जनता सेवक समाज, नारी एवं बाल उत्थान समिति के पदाधिकारियों का सहयोग रहा। शोभायात्रा का समापन आरएन इंटर कॉलेज में हुआ, जहां प्रो. डॉ. हरबंस दीक्षित, डॉ. विश्वास शर्मा, राजीव शर्मा, शुकन पारिख, इंदु पारिख, डॉ. एमएम शर्मा, डॉ. प्रदीप शर्मा, सुनील शर्मा ने भगवान परशुराम की आरती उतारी। अंत में प्रणव शर्मा, उत्कर्ष त्रिपाठी, रामौतार शर्मा चुन्नू, मनोज व्यास व मनोज शर्मा ने प्रसाद वितरण किया।


भगवान परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### परशुराम प्रकटोत्सव पर हवन-पूजन, धर्म स्थापना का संदेश



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से अक्षय तृतीया के अवसर पर बुद्धि विहार स्थित परशुराम चौक पर भगवान परशुराम के प्रकट्योत्सव के उपलक्ष्य में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया और श्रद्धा के साथ आहुति दी। प्रदेशाध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिन्होंने त्रेता और द्वापर युग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान राम को दिव्य शक्तियां प्रदान कीं, जबकि द्वापर युग में कर्ण को धनुर्विद्या का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान परशुराम, भगवान कल्कि के गुरु के रूप में अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना में अहम भूमिका निभाएंगे। हवन प्रमुख प्रदीप प्रभाकर शर्मा ने बताया कि परशुराम चौक की स्थापना नगर निगम के प्रस्ताव के तहत हुई। जिलाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। अन्य महापुरुषों के अवकाश घोषित हो चुके हैं, लेकिन परशुराम जयंती पर अवकाश न होने से समाज में रोष है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, अनूप कौशल शर्मा, करनवीर शर्मा, दीपक शर्मा, नवम शर्मा, धवल दीक्षित, आचार्य राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### परशुराम जयंती पर कांठ रोड से निकली भव्य शोभायात्रा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर रविवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। परशुराम संघर्ष समिति के तत्वावधान में निकाली गई यात्रा में सैकड़ों युवा एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का आरंभ कांठ रोड स्थित किला से किया गया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कांशीराम नगर और लाइनपार क्षेत्र से गुजरते हुए परशुराम चौक बुद्धि विहार पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया और भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सूर्य शर्मा, रजत श्रोत्रिय, विशाल शर्मा, राघव शर्मा, प्रणवीर शर्मा, शंकर शर्मा, अभिषेक शर्मा, रचित शर्मा, दुष्यंत कौशल, रोहतास शर्मा, प्रखर एवं त्रिभुवन सहित अनेक युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। आयोजन के मुख्य संयोजक रजत शर्मा एवं ब्राह्मण समाज के युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार में रविवार को ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं भगवान परशुराम की आरती के साथ हुआ। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सोसाइटी के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज और वृंदावन से आए सिया शरण महाराज ने भी भगवान परशुराम की महत्ता बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। संचालन महामंत्री मनोज भारद्वाज एवं सचिव मुनीश चंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजनारायण दीक्षित, डॉ. योगेश पांडे, मुकेश भारद्वाज, हरिकेश पांडे, अर्जुन दीक्षित, दिव्यांश भारद्वाज, रिचा भारद्वाज, सुमित पाठक, सोनिया शर्मा, कुलदीप शर्मा, क्रांति तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मां पीतांबरा जन्मोत्सव 24 को मनाया जाएगा, तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मां पीतांबरा जन्मोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली गई है। चंद्र नगर स्थित महिला संयोजिका सुमन सक्सेना के निवास पर रविवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 अप्रैल को दिल्ली रोड स्थित महाकालेश्वर धाम में आयोजन किया जाएगा।

समिति संयोजक अवनीत सक्सेना ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मां पीतांबरा महायज्ञ का आयोजन श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी के सानिध्य में संपन्न होगा। वहीं, समिति महामंत्री राजीव अग्रवाल मल्लू ने बताया कि श्री परिवार में मां पीतांबरा कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसे वाराणसी से पधारे आचार्य यश पांडे श्रवण कराएंगे। महायज्ञ के यजमान पुनीत बंसल एवं श्वेता बंसल तथा कथा के यजमान चंद्र भान श्रीवास्तव एवं मंजु श्रीवास्तव रहेंगे। कार्यक्रम में भजन संध्या के साथ महाभोग भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शोभित सक्सेना, निपुण सक्सेना, अंजू सक्सेना मौजूद रहे।


चंद्रनगर में मां पीतांबरा जन्मोत्सव को लेकर बैठक करते श्री परिवार के पदाधिकारी।

### नाबालिग छात्र के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में घर से विद्यालय जाने को कहकर एक 16 वर्षीय छात्र लापता हो गया। उसके परिजनों ने काफी तलाश के बाद थाना पुलिस को तहरीर देकर अपहरण होने की आशंका जताई है। मोहल्ला घोसीपुरा निवासी मयंक राठी पुत्र कैलाश उम्र 16 वर्ष 18 अप्रैल को समय सुबह करीब 8:30 बजे डीएसएम इंटर कॉलेज में इंटर कक्षा की फीस जमा करने के लिए कहकर घर से गया था।

# मौसम : न्यूनतम व उच्चतम तापमान का अंतर गिरा


बुद्धि विहार में धूप से बचने के लिए सिर पर गत्ता लगाकर काम करता मजदूर।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- देर शाम तक चलने वाली गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान रखा
- न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी, 23 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, दिन-रात दोनों समय सता रही गर्मी

**अमृत विचार :** जिले में गर्मी का असर रविवार को भी बरकरार रहा। दिन में चटख धूप और गर्म हवा के बीच अब न्यूनतम तापमान बढ़ने से लोगों को रात में भी गर्मी परेशान करने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 23 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

सुबह से ही तेज धूप ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। दोपहर तक गर्म हवाओं ने माहौल को और ज्यादा तपिश भरा बना दिया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ, लेकिन रात के तापमान में वृद्धि से लोगों को सुकून नहीं मिल पा रहा है। देर रात तक गर्मी का असर बना रहने से लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही है। रविवार होने के बावजूद बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली। लोग धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए घरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं। वहीं ठंडे पेय, आइसक्रीम और जूस की दुकानों पर लोगों की आवाजाही जरूर बढ़ी है।

चिकित्सकों के अनुसार दिन के साथ-साथ रात में बढ़ती गर्मी शरीर पर अतिरिक्त प्रभाव डालती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। डॉ. मनोज यादव ने सलाह दी है कि दिन में धूप से बचें और रात में भी ठंडी हवा के लिए उचित इंतजाम करें। ऐसे में लोगों को लू और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है।

# जिला अस्पताल में मानसिक रोग विशेषज्ञ का पद खाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लंबे समय से मानसिक रोग विशेषज्ञ का पद खाली होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले जहां हर रोज 100 से अधिक मानसिक रोग से पीड़ित मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचते थे, वहीं अब विशेषज्ञ के अभाव में उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि बीती 6 मार्च तक जिला अस्पताल में डॉ. अभिनव शेखर तैनात थ, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब तक नए मानसिक रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हो सकी है। विशेषज्ञ की कमी के चलते मरीजों और उनके परिजनों को महंगे इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

इस संबंध में प्रमुख अधीक्षक एवं अपर निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि मानसिक रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिए बार-बार सूचना मांगी जा रही है और प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है।

### मनकक्ष तक सिमटी मानसिक स्वास्थ्य सेवा

जिला अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं फिलहाल केवल मनकक्ष तक ही सीमित रह गई हैं। यहां पर भी केवल उन्हीं मरीजों को दवाएं दी जा रही हैं, जिनका पहले से इलाज चल रहा है और जिनकी फॉलोअप विजिट तय है। नए मरीजों को न तो विशेषज्ञ परामर्श मिल पा रहा है और न ही उनकी बीमारी का सही आकलन हो पा रहा है। ऐसे में मानसिक रोग से जूझ रहे नए मरीजों को या तो इंतजार करना पड़ रहा है या फिर मजबूरी में निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे उनका खर्च भी बढ़ रहा है और समय पर इलाज न मिलने का खतरा भी बना हुआ है।

**सफलता** | रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आयोजित की जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

# आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएस चिल्ड्रेन अकादमी में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- जिले के प्रमुख स्कूलों के 240 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार :** एसएस चिल्ड्रेन अकादमी में रविवार को रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा चौथी ओपन जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अनिल अग्रवाल और रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र राणा ने किया।

प्रतियोगिता में गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, आरएसडी अकादमी, शिरडी साईं स्कूल विंग-1 और विंग-2, समर वैली, एमआईटी वर्ल्ड स्कूल, एसएस चिल्ड्रन अकादमी, पीएमएस, क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, एबीसी मॉन्टेसरी और शशि मदन पब्लिक स्कूल के 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता क्वाड्स, इनलाइन, इनलाइन टॉय और एडजस्टेबल स्केट के चार वर्गों में आयोजित की गई।

ओवरऑल चैंपियनशिप में बालक वर्ग में आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल दूसरे और पीएमएस पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में भी आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि पीएमएस पब्लिक स्कूल दूसरे और गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में इवाना, अथिरा, पार्वी, अन्वी, भाविका, दिशा, अलीशा, परीक्षा, अद्विक, गार्गी, आलिया, आर्ना, पीहू, काशवी चड्ढा, आरोही, अनन्या, पुष्टि, कनक और अमीषी अपने-अपने आयु वर्ग में विजेता रहीं। वहीं बालक वर्ग में चैतन्य, शिवानंद, रणविजय, विराज, अर्जित, शिवांश, अलंकृत, अली मोहम्मद, वेदांग, आरजूमन, विवान, असीम, आकाश, विकास और आयुष ने अपने आयु वर्ग में जीत हासिल की। निर्णायक मंडल में परमेश चरण, सचिन नैनवाल, गौरव सिंह, लियाकत अली, विपिन जखमोला, आकाश सैनी और असीम कुमार सिंह रहे। इस अवसर पर उप्र ओलंपिक संघ के सह सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।



जिला स्तरीय ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### माटीकला रोजगार को आवेदन 15 तक

रामपुर, अमृत विचार : जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को माटीकला (कुम्हारी) से संबंधित व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए और वह उप्र का मूल निवासी होना चाहिए। इसमें नियमानुसार 25 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलेगी। माटीकला बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर 15 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

### सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला 21 को

रामपुर, अमृत विचार : प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पुरानी तहसील स्थित जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला लगेगा। बताया कि रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई होना चाहिए। इच्छुक बेरोजगार रोजगार संगम पोर्टल पर जाकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के मार्गदर्शन में अक्षय तृतीय पर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की संभावनाओं पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया। महिलाओं को बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा पर संपर्क करने के बारे में बताया। साथ ही सभी को बाल विवाह रोकने एवं इसकी सूचना संबंधित टोल फ्री नंबरों पर देने की शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी सहित अन्य अधिकारी रहे।

### ज्वैलरी सहित दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी हुई खूब बिक्री

# अक्षय तृतीया पर बाजार हुए गुलजार, करोड़ों का हुआ कारोबार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सोने की कीमतों में तेजी के बावजूद अक्षय तृतीया पर रविवार को हल्के वजन के आभूषणों की खूब खरीदारी हुई। लोगों ने जमकर सोने की खरीदारी की है। ज्वैलर्स ने अक्षय तृतीया के लिए बड़ी तैयारियां कीं और बाजारों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। हालांकि सोने के भारी आभूषणों के सापेक्ष हल्के जेवरात की बिक्री ज्यादा हुआ।


अक्षय तृतीय पर मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में हवन यज्ञ करते भक्त।

सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अंशुल रस्तोगी बताते हैं बाजार में सोने के दाम ज्यादा होने के कारण आभूषणों की बिक्री कम रही है। जिले में सोने चांदी का करोड़ों का कारोबार होने का अनुमान है। सोना-चांदी की कीमतों में काफी तेजी है, लेकिन वैवाहिक सीजन होने तथा अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर सोना चांदी खरीदने की पुरातन परंपरा से आज अच्छा व्यापार हुआ है। अध्यक्ष ने बताया कि सोने को धन निवेश का सर्वोत्तम विकल्प माना जाता है, इसलिए सोना-चांदी के भावों में तेजी होने के बावजूद आज सोना-चांदी खरीदा गया है। सोना-चांदी के कारोबारी चंद्र प्रकाश रस्तोगी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर सोने का भाव 1.54 लाख प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 2.56 लाख प्रति किलोग्राम रहा है। अक्षय तृतीया पर यह दाम ऐतिहासिक रूप से उच्चतम स्तर पर हैं। ऊंचे भाव होने के बावजूद बाजार में ग्राहकों की रुचि बनी रही, जो इस शुभ पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्वता को दर्शाती है। कहा कि कीमतें काफी अधिक हैं, फिर भी ग्राहक अपनी परंपरागत आस्था और अक्षय तृतीया के महत्व को ध्यान में रखते हुए सोना-चांदी खरीदना शुभ मानते हैं।

### बाइक और ट्रैक्टर की बिक्री में आया उछाल

अक्षय तृतीया पर दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों समेत ट्रैक्टर की बिक्री में उछाल आया है। आरएन मोटर्स के स्वामी निर्मल सिंह बताते हैं कि जिले में करीब 200 बाइक की बिक्री हुई जिनकी कीमत दो करोड़ रुपये है। निर्मल सिंह बताते हैं कि उनके शो रूम से 5 ट्रैक्टर और डेढ़ सौ बाइक की बिक्री हुई है। बताते हैं कि अक्षय तृतीया पर कारोबार महंगाई के कारण उम्मीद से अधिक कारोबार हुआ है।

### अक्षय तृतीय पर शक्ति दरबार में हुआ हवन

रामपुर, अमृत विचार : मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में बैसाख शुक्ल तृतीया अक्षय तृतीय पर हवन यज्ञ हुआ। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि भगवान परशुराम का महाऋषि जमदग्नि रेणुका के यहां जन्म हुआ था। आज का दिन ऋषि जमदग्नि के वरदान से सिद्ध पर्व बन गया है। मंदिर में अक्षय तृतीया पर विशेष रूप से यज्ञ अनुष्ठान किया है अनेक भक्तों को साथ लेकर पूजा अर्चना करते हुए पुरोहित ने यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस मौके पंडित सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, मुकेश कुमार रावत ,अन्नू मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, सुधा, राजू, अनिल कुमार चौरसिया, हरीश, राकेश पंडित, विश्वनाथ शर्मा, पंडित श्वदेश ठाकुर आदि भक्त यज्ञ हवन में शामिल रहे।

### बोले कारोबारी


मार्केट में सोने का रेट ज्यादा होने के कारण अक्षय तृतीया के अवसर पर मार्केट में सोने की बिक्री कम रही है। हालांकि दुकानदारों ने कम वजन के आभूषण तैयार कराए हैं। - **अंशुल रस्तोगी,** अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन


इस अक्षय तृतीयाकाम नहीं है सोना और चांदी महंगा होने के कारण लोगों ने बहुत कम खरीदारी की है। हालांकि दुकानदारों ने बहुत अच्छी डिजाइनों में आभूषण तैयार कराए हैं। -**मुकुल रस्तोगी,** सर्राफा कारोबारी


अक्षय तृतीया के त्योहार पर सर्राफा बाजार में मद्दा रहा है। जबकि उम्मीद थी कि अच्छा कारोबार होगा और इसके मद्देनजर तरह-तरह के डिजाइन में आभूषण तैयार कराए थे। - **विनीत अग्रवाल,** सर्राफा कारोबारी


सोने का भाव बढ़ा हुआ होने के कारण खरीदारी कम है। लोग मार्केट में कम आ रहे हैं खरीदारी करने इसलिए खाली बैठे है। सोना महंगा होने के कारण हल्के वजन के गहने तैयार कराए हैं। - **विवेक कुमार,** सर्राफा कारोबारी

# पराक्रम, तपस्या व धर्म का प्रतीक हैं परशुराम

### भगवान परशुराम जयंती पर जिले भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित, शहर में निकली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले भर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। सिविल लाइंस स्थित रामलीला मैदान से परशुराम जयंती आयोजक समिति के तत्वावधान में बाइक रैली निकाली गई।

इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी की और जयकारे लगाए। परशुराम जयंती पर राहे रजा और राहे मुर्तजा को भगवा झंडियों से सजाया गया और जगह-जगह होर्डिंग लगवाए गए और भगवा द्वार बनाए गए। रैली पुरानी आवास विकास स्थित पार्क में पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला मैदान में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए की गई। बाइक रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर सिविल लाइन्स होते हुए गांधी समाधि होते हुए शाहबाद गेट होते हुए पुराने आवास विकास पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


रामलीला मैदान में मौजूद आयोजक समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद जयकारा लगाते भक्त।

#### भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलें: शिवम

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष शिवम भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम शक्ति, पराक्रम, तपस्या और धर्म के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने तथा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान परशुराम ने समाज में न्याय, समानता और मर्यादा की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। वर्तमान समय में उनके विचारों को अपनाकर हम समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर सकते हैं और एक सशक्त, संगठित एवं समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। कहा कि इस पावन अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में भाईचारा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

#### धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

स्वार, अमृत विचार : पवित्र बैसाख मास शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में हवन यज्ञ हुआ और परशुराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने भगवान परशुराम जी के विषय में काफी विस्तार से बताया एवं जय घोष किया। इस अवसर पर उमेश कुमार, संजय राजपूत, गौरव सिंह, दीपक कुमार विश्नोई, ब्रजकिशोर मौर्य, लक्ष्मण प्रसाद, राधा शर्मा, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मौर्य, पूजा टैगोर, कुमारी आकृति, हिमांशी, नीलम कुमारी, मनु आदि उपस्थित रहे।


भगवान परशुराम जयंती पर रामलीला मैदान से निकली बाइक रैली। ● अमृत विचार

पूरे मार्ग में जय श्री परशुराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही सभी ने समाज की एकता, संगठन एवं उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।अनेको जगह पर अन्य सामाजिक संस्थाओं ने यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा एवं पटाखों के साथ किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। प्रतिवर्ष भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

#### भगवान परशुराम ने आक्रांताओं का वध कर की धर्म की रक्षा

मिलक, अमृत विचार : भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर प्राचीन मां काली मंदिर प्रांगण मोहल्ला रौरा खुर्द मिलक में ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास शुक्ला के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम का पूजन हुआ। इस अवसर पर डॉ. विकास शुक्ला ने भगवान श्री परशुराम जी के जीवन से रूबरू कराते हुए कहा कि भगवान श्री परशुराम जी श्री हरि विष्णु के अवतार हैं। जिन्होंने सदैव धर्म की रक्षा कर आक्रांताओं का वध करके धर्म की संस्थापना की। पंडित मुकेश कौशिक ने श्री परशुराम चालीसा का पाठ किया। इसके बाद आरती भोग एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष पंडित ब्रजेश कुमार शर्मा, ब्राह्मण सभा उपाध्यक्ष पंडित राम कुमार शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष गीता शर्मा, अनन्या देवी, उर्मिला देवी, वंदना शर्मा, पंडित उमेश शर्मा, पंडित विकास वशिष्ठ, सूर्य प्रकाश शर्मा, अलंकार शर्मा, मुनेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन पंडित नवीन कुमार शर्मा ने किया।

# पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव का रविवार को मिलक के क्योरार जीरो प्वाइंट पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत ।

डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस देश की सभी जातियों का सम्मान करती है और सभी को साथ लेकर चलती है। इसी से देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा पिछड़ी जातियों का निरादर किया है। डॉ. जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी नहीं है, लेकिन मनमानी की सीमा स्वीकार नहीं है। कांग्रेस ने सबसे पहले एक विधवा महिला को आरक्षण देने का काम किया। भाजपा संविधान की संरचना को बदलना चाहती है और बाबा साहेब अंबेडकर के अधिकार छीनना चाहती है। तीनों विधेयकों को एक साथ लाकर वो अपना अधिकार जताना चाहते हैं।


पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

महिला आरक्षण बिल लोकसभा के 543 सदस्यों पर लागू होना चाहिए। लोकसभा में इसका गिला लोकतंत्र, संविधान एवं पिछड़ों की जीत है। इस दौरान पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव दुर्गेश मौर्य, पूर्व कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता, महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी, आसिफ खां अली, राजीव कुमार शर्मा, डॉ. महेंद्र मौर्य, सुधीर कश्यप, दयमीन खान, नाहिद मौर्य, भगवान शरण मौर्य, कोमल मौर्य, राजकुमार मौर्य, रघुनन्दन मौर्य, राजवीर मौर्य, डॉ. शारद मौर्य, आकाश मौर्य, नंद किशोर मौर्य व अफजल अहमद आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई अंक सुधार परीक्षा फार्म भरने की आज अंतिम तिथि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तीन विषयों की परीक्षा के लिए ली जा रही 1050 रुपये फीस

**अमृत विचार:** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा के अंकों के सुधार करने को फार्म भरने की 20 अप्रैल आखिरी तारीख है। सीबीएसई ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत इस वर्ष से यह नई व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था से एक ही सत्र में छात्र-छात्राओं को अपने परिणाम बेहतर करने का मौका मिलेगा। तीन विषयों तक छात्राएं अंक सुधार करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। समय सीमा निकलने के बाद विलंब शुल्क देकर फार्म भरा जा सकता है।

एक विषय के लिए 350 रुपये शुल्क अदा करना होगा जबकि, दो विषयों के लिए 700 और तीन विषयों में अंक सुधार परीक्षा के लिए 1050 रुपये शुल्क जमा करना होगा। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि अंक सुधार के लिए छात्र-छात्राएं अपने-अपने स्कूलों में आवेदन कर सकते हैं। बताया कि यह आवेदन स्कूल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। छात्र-छात्राएं सीधे आवेदन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार परीक्षा में अच्छा अंक नहीं ला पाए और वे अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। वे अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं। बताया कि जो छात्र-छात्राएं 20 अप्रैल तक अंक सुधार के लिए आवेदन नहीं कर पाएं हैं वे 21 और 22 अप्रैल को दो हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं।

# 23,735 से अधिक परिवारों को मिली छत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पीएम और सीएम आवास योजना के तहत मिले आवास

**अमृत विचार:** दशकों से टूटे-फूटे कच्चे मकानों और तिरपाल के नीचे झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन गुजारने वाले रामपुर के हजारों गरीब परिवारों का अपने पक्के घर का सपना पुरा हुआ है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन और निरंतर मॉनिटरिंग के चलते जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जरूरतमंद 23,735 परिवारों को पक्के आवास मिल चुके हैं।


डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

वहीं योजना 2.0 के तहत तेजी से काम करते हुए 3,646 लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसा पहुंचाया जा चुका है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के सख्त निर्देशों और खंड विकास अधिकारियों व ग्राम पंचायत सचिवों की जमीनी स्तर पर सघन मॉनिटरिंग के चलते जिले में कच्चे मकान अब समाप्ति की कगार पर हैं। ग्रामीण इलाकों के लिए शासन से 479 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 422 परिवारों का पक्के घर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस योजना के तहत विशेष रूप से 18 से 50 वर्ष की निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जा रही है। लाभार्थियों को 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में दी जा रही है। अधिकारियों की मुस्तैदी का ही परिणाम है कि जिले में एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया, जहां लाभार्थी ने पैसा लेकर मकान न बनाया हो। प्रभारी पीओ डूडा व डिप्टी कलेक्टर प्रतीत त्रिपाठी के अनुसार शहरी क्षेत्र में कुल 23,893 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 23,313 लाभार्थियों ने अपने पक्के मकान का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

इन लाभार्थियों को 2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तीन आसान किस्तों में 1-1 लाख रुपये और 50 हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं। तीन लाख रुपये से वार्षिक आय कम वाले परिवारों को लाभान्वित किया गया है। योजना के अंतर्गत 3,646 लोगों के बैंक खातों में धनराशि पहुंच चुकी है। इस त्वरित वित्तीय हस्तांतरण से लाभार्थियों ने बिना किसी देरी के अपने सपनों के आशियाने की नींव रखनी शुरू कर दी है।

# एसपी ने किया पैदल मार्च


मिलक में पैदल मार्च करते एसपी सोमेंद्र मीना व पुलिस बल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में कानून-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बुधवार शाम मिलक में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने बाजारों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक के साथ क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मिलक पुष्कर सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मार्च मिलक के मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा। इस दौरान एसपी ने आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी अवांछनीय गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों और चुनावों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाए। अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

कार्यक्रम

### मशहूर शायर ताहिर फराज की याद में हुआ ऑल इंडिया मुशायरा, किले के मैदान में रविवार सुबह तक जमी शेरो-सुखन की महफिल

# खान जोड़ा नाम में और खानदानी हो गए...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध शायर ताहिर फराज की याद में रविवार तड़के तक शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को बांधे रखा। अच्छे कलाम पर शायरों को दाद से खूब नवाजा। बिलाल सहारनपुरी ने कहा कि इस तरह बदला है कुछ लोगों ने शजरे को यहां, खान जोड़ा नाम में और खानदानी हो गए। इस पर श्रोताओं ने तालियों से खूब दाद दी।


मुशायरे में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

मुशायरे को आगाज राज्यसभा सदस्य संजय ने शमा रोशन करके किया। प्रसिद्ध शायर चरन सिंह बशर ने कहा कि खूब लगाओ जालिमों आग तुम्हें डर किसका है, लेकिन आग नहीं देखेगी कि घर किसका है। रामपुर के नुमाइंदा शायर अजहर इनायती ने कहा किसी के ऐब छुपाना सवाब है लेकिन, कभी कभी कोई पर्दा उठाना पड़ता है। यह शेर सुनकर श्रोताओं ने खूब वाह-वाही की। पापुलर मेरठी का नाम पुकारा किले का मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पापुलर मेरठी ने चिर परिचित अंदाज में मंच पर करीब 20 मिनट तक कई कलाम सुनाए लोगों की फरमाइश पर वलीमा-वलीमा सुनकर लोग कहकहे लगाने लगे। उन्होंने कहा कि न बंगला न टीवी न पिक्चर सिनेमा, न लेता हूं जीवन का बीमा, मुझे एक रंडवे की ख्वाहिश पता है वलीमा-वलीमा। इसके बाद उन्होंने पढ़ा- शहर में आया कहीं से बेचारा गरीब, जिसके नंगे जिस्म पर थी फटी नेकर नसीब, चल पड़ा आगे तो अब्दुल्लाह होटल आ गया, देखकर उसका सिर चकरा गया। निजामत कर रहे अबरार काशिफ ने पढ़ा कि इस पर किताब-ए-हिदायत भी दी, नबी भी उतारे शरीअ''त भी दी, गरज कि सभी कुछ है तेरे लिए, बता क्या किया तू ने मेरे लिए। आयोजक फैसल खां लाला और कन्वीनर तारिफ नियाजी ने सभी का आभार जताया। मुख्य अतिथि सांसद संजय सिंह ने सभी शायरों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।


शायर अबरार काशिफ को सम्मानित करते आप नेता संजय सिंह व फैसल लाला ।


कलाम पेश करते बिलाल सहारनपुरी।


कलाम पेश करते पॉपुलर मेरठी ।

#### मुशायरे में इन शायरों ने पेश किए कलाम

जिया इनायती, शहजादा गुलरेज, चराग शर्मा, रिक अदा, निकहत अमरोहवी, नईम नजमी, शकील गौस, तारिफ नियाजी आदि।

अमृत विचार

मुरादाबाद, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

रामपुर

## सिटी ब्रीफ

### संदिग्ध हालत में युवती की मौत

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र की ढकिया चौकी के तहत आने वाले भंवरकी जदीद गांव में शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती की मौत हो गई। परिजनों ने युवती की मौत के बाद आनन फानन में उसका दाह संस्कार कर दिया। युवती की मौत को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं है। शाहबाद कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि तीन दिन से युवती को बुखार आ रहा था। बुखार के कारण ही शनिवार की रात युवती की मौत हो गई।

### खेत में किसान की सांप के डसने से मौत

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार रात सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई। तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द निवासी किसान सुंदर लाल (50) की शनिवार को सर्पदंश से मौत हो गई। सुबह खेत पर काम करते समय जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया था। परिजन करीब 10 घंटे बाद रात में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। शनिवार सुबह सुंदर लाल रोज की तरह खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। जहर के असर से वे बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। दोपहर 2 बजे तक घर न लौटने पर परिजन खाना-पानी लेकर खेत पहुंचे। सुंदरलाल को बेहोश देख वे घबरा गए और तुरंत घर ले आए। आसपास के डॉक्टरों को दिखाया, मगर हालत में सुधार नहीं हुआ। शाम को जब सुंदरलाल का शरीर नीला पड़ने लगा तो परिजनों को सर्पदंश का शक हुआ। इसके बाद रात करीब 10 बजे वे मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद सुंदरलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### निस्बी के तालाब में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम निस्वी में शुक्रवार को तालाब के पास अचानक आग लग गई। सूखी घास और कचरे में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंच जाने से बड़ा हादसा टल गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन तालाब के आसपास की झाड़ियां और सूखा कचरा जलकर राख हो गया।

# संपर्क क्रांति में लूट के चार आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## स्पेयर पार्ट्स कारोबारी के कर्मचारियों से पूर्व कर्मचारी ने चलती ट्रेन में लुटवाए थे ढाई लाख, मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

- तीन अन्य बदमाश भी मौके से गिरफ्तार, बदमाशों से 1.38 लाख रुपये बरामद

रामपुर/बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार तड़के थाना जीआरपी रामपुर पुलिस, आरपीएफ पुलिस व सिविल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के पास मुठभेड़ में 15 अप्रैल को काठगोदाम संपर्क क्रांति में हुई लूट के चार आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली भी लगी है। दो तमंचे और दो खोखों सहित चार कारतूस के साथ लूटे हुए 1,38,500 रुपये बरामद किए हैं। लूट का मास्टर माइंड स्पेयर पार्ट्स के होलसेलर का पूर्व कर्मचारी निकला।

जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने रविवार दोपहर को सिटी रेलवे स्टेशन जीआरपी थाने पर पत्रकारों को बताया कि 15 अप्रैल को उत्तराखंड के रुद्रपुर के सिंह कॉलोनी निवासी स्पेयर पार्ट्स के होलसेलर मंजीत सिंह गगनेजा के यहां काम करने वाले दो कर्मचारी मोहल्ला जाफरपुर निवासी रितिक मंडल और मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी साहिब सिंह सामान लेने काठगोदाम संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हुए थे। दोनों के पास करीब सात लाख रुपये थे। सुबह करीब दस बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से एक किमी. पहले आनंदनगर के मझरे के पास तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में सात लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद तीनों बदमाश तीव्र मोड़ पर ट्रेन जैसे ही धीमी हुई तो हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। मामले में हालांकि मुकदमा दर्ज करने के दौरान नगदी ढाई लाख रुपये बताई गई। मामले में जीआरपी पुलिस और स्थानीय पुलिस लगातार छानबीन कर रही थी।



थाना जीआरपी में प्रेसवार्ता करते एसपी और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


बरामद लूट की रकम और तमंचे।

बदमाशों की तलाश में जुटी जीआरपी, आरपीएफ व सिविल पुलिस ने रविवार सुबह करीब 4.54 बजे मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर के पास मौजूद बदमाशों की घेराबंदी कर ली। इस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में उत्तराखंड के नानकमत्ता निवासी मिसरा सिंह के बाएं पैर में गोली लगी। तीन अन्य आरोपियों में नानकमत्ता निवासी गुरदेव सिंह उर्फ डेविड तथा रम्पुरा रुद्रपुर निवासी गौरव और भारत को भी पुलिस ने दबोच लिया। एसपी जीआरपी ने बताया कि लूट में पांच और आरोपियों के नाम सामने आए हैं जो फरार हैं। आरोपी गौरव स्पेयर पार्ट्स होलसेलर मंजीत सिंह के यहां काम करता था और वही पूरे प्लान का मास्टरमाइंड निकला। घायल आरोपी मिसरा सिंह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर में मेडिकल परीक्षण कराया, इसके बाद सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


पुलिस की गिरफ्त में आए चारों आरोपी। ● अमृत विचार

### आरोपी गौरव ने पत्नी की डिलीवरी को मांगे थे मालिक से रुपये

आरोपी रम्पुरा रुद्रपुर निवासी गौरव होलसेलर मंजीत के यहां काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मालिक से पत्नी की डिलीवरी के लिए कुछ रुपये उधार मांगे थे। आरोप है कि मालिक ने पहले तो उधार देने के लिए हां कर दी, लेकिन मौके पर जब उधार रुपये मांगे तो मालिक ने मना कर दिया। इसके बाद गौरव ने वहां से नौकरी छोड़ दी, लेकिन मालिक से नफरत करने लगा। उसे पूरी जानकारी थी किस तरह कर्मी दिल्ली सामान लेने जाते हैं। सभी नौ आरोपियों ने पूरी रेकी कर कर्मियों से दुकान से चलने की पूरी जानकारी मिलती रही। पूरी प्लानिंग के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया।

### पुलिस बताकर ली तलाशी व लूट ली रकम

मामले में जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रुद्रपुर सिटी व बिलासपुर स्टेशन के बीच संपर्क क्रांति ट्रेन में यात्रा के दौरान तीन आरोपियों ने खुद को पुलिस बताकर दोनों कर्मियों पर तस्करी करने का आरोप लगाया। इसके बाद उनकी तलाशी लेने के बहाने उन्हें सीट से उठाकर यात्री डिब्बे के गेट पर ले गए। तमंचे के बल पर रितिक मंडल व उसके साथी साहिब सिंह से 2,50,000 रुपये व मोबाइल लूटे थे। इसके बाद थाना जीआरपी रामपुर तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:** थानाध्यक्ष ईश्वरचंद्र थाना जीआरपी रामपुर, उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार, मुकेश कुमार, उप निरीक्षक संतोष मीणा आरपीएफ चौकी रुद्रपुर सिटी, उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह सीआईबी लालकुआं उत्तराखंड, उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह थाना बिलासपुर रामपुर, कांस्टेबल राहुल कुमार थाना बिलासपुर, कांस्टेबल सुनील कुमार, विवेक कुमार शामिल हैं।

### कीटनाशकों के कारोबार का पंजीकरण कराएं विक्रेता

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में कीटनाशकों की बिक्री एवं उपयोग को पारदर्शी बनाने के लिए शासन द्वारा सभी थोक एवं फुटकर कीटनाशक विक्रेताओं का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है।

बिना पंजीकरण के कीटनाशक कारोबार करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि कीटनाशक विक्रेता और डीलर अपनी दुकानों का पंजीकरण आईपीएमएस पोर्टल पर शीघ्र कराएं। पंजीकरण के लिए विक्रेताओं को मोबाइल नंबर, लाइसेंस नंबर एवं ई-मेल आईडी जैसे आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने होंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो संबंधित विक्रेता, डीलर जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर समाधान करा सकते हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी विक्रेता का ऑनलाइन पंजीकरण आईपीएमएस पोर्टल पर नहीं पाया गया, तो उसके खिलाफ कीटनाशी अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

# छह परिषदीय शिक्षक लखनऊ में सम्मानित



लखनऊ में सम्मानित हुए परिषदीय स्कूलों के शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रामपुर के छह शिक्षकों को रविवार को लखनऊ में सम्मानित किया गया। रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के पूर्व निदेशक सर्वेंद्र बहादुर विक्रम एवं सीटीई के प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने शिक्षकों को सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा कम्पोजिट विकास खंड मिलक से अभय सिंह, विकास खंड स्वार के उच्च प्राथमिक विद्यालय से नरेंद्र सिंह, विकासखंड शाहबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर से नरेश कुमार, कम्पोजिट विद्यालय सोहना से सुषमा, विकास खंड चमरौआ के कम्पोजिट विद्यालय हरियाल से शैलेंद्र कुमार तथा पीएमश्री विद्यालय मुंडियाखेड़ा से रीना कुमारी शामिल रहीं। इस दौरान एआरपी संघ रामपुर के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, साइकिल मैन सत्येंद्र पांडे, प्रभाकर गौतम भी उपस्थित रहे।

### डा. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक

**ढकिया, अमृत विचार:** भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती नथपुरा ओसी गांव में संगीतमय कार्यक्रम के साथ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें डा. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। संगीतमय बौद्ध कथा के द्वारा गौरव शास्त्री ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर समाज के ऐसे मसीहा थे जिन्होंने संविधान की रचना की और दबे कुचले लोगों को समाज में मान सम्मान दिलाया। साथ ही समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जो आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान कार्यक्रम में अजय गौतम, ताराचंद, शिवबहादुर, सतीश, बाबूराम, भूप सिंह, धर्म सिंह, प्रेम सिंह, मास्टर सेवाराम आदि रहे।

# चोट लगने पर फर्स्ट एड की जानकारी दी

- श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों को चोट लगने पर फस्ट एड की जानकारी दी।

महाविद्यालय में तीसरे दिन रोवर्स प्रभारी संघ रतन सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद रोवर्स रेंजर्स शिविर के अगले चरण में जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं गाइड नरवंत कौर एवं जीतू कुमार ने यह जानकारी दी। प्रोफेसर विवेक तिवारी ने शिविरार्थियों को भाषण देने की कला की बारीकियों के बारे में बताया। रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम मौर्य ने शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया।


बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय में शिविर में शिविरार्थियों जानकारी देते हुए।

साथ ही हस्तलेखन प्रतियोगिता में रोवर्स वर्ग में प्रशांत सिंह को प्रथम, अशफाक अली के द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। रेंजर्स वर्ग में मुस्कान को प्रथम, प्रमजोत कौर को द्वितीय तथा सोनी भारती को तृतीय स्थान मिला। हस्तलेखन प्रतियोगिता रोवर्स वर्ग में योगेश कुमार को प्रथम, अशफाक अली को द्वितीय तथा मनु सिंह को तृतीय स्थान मिला।

रेंजर्स वर्ग में प्रार्थना को प्रथम, खुशी को द्वितीय तथा प्रभजोत कौर को तृतीय स्थान मिला। गायन प्रतियोगिता में रेंजर्स वर्ग में निधि को प्रथम, खुशी को द्वितीय तथा दीक्षा को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स प्रभारी संघ रतन सिंह ने किया गया।

# राष्ट्रीय अहिंसा दल ने बनाई राजनीतिक पार्टी

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया जनसेवा ही सर्वोपरि का नारा
- समाज में हिंसा न फैले,समरसता बनाए रखने का संकल्प

संवाददाता सैफनी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल कुमार शर्मा ने सैफनी के राष्ट्रीय कार्यालय से अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। रविवार को नगर के माता बेला भवानी शक्तिपीठ धाम मंदिर में आयोजित विशेष पूजन कार्यक्रम के बाद उन्होंने आधिकारिक तौर पर पार्टी के नाम राष्ट्रीय अहिंसा दल का ऐलान कर पार्टी का गठन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राजनीति में नैतिकता का अभाव हो गया है, जिसे दूर करने के लिए इस मंच का गठन किया गया है। कहा कि उनकी पार्टी अहिंसा परमो धर्म के नारे एवं सभी धर्म और जाति के लोगों के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने जन सेवा ही सर्वोपरि का नारा दिया। इनके बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित विवेक वशिष्ठ ने कहा कि समाज में हिंसा न फैले समाज की समरसता बनी रहे। हमें सबके साथ मिलकर समाज हित के लिए सभी पिछड़ों में समानता लाने राष्ट्र को अखंड भारत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पद देकर जिम्मेदारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजीव भारद्वाज, नवनियुक्त राष्ट्रीय सलाहकार राजीव पांडे, रविंद्र कुमार शर्मा, अरुण सागर, रामौतार सैनी, मोहित शर्मा, पंकज योगी, आकाश शर्मा, शाहिद हुसैन, मोबीन अली, डॉक्टर मोहम्मद नदीम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

### सुबह से बरसी आग शाम को छाए बादल

**रामपुर,अमृत विचार:** रविवार को सूरज सुबह से आग बरसाने लगा जिसके चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तपिश से लोग बेहाल हो गए।

गर्मी बढ़ने से ठंडे के कारोबार में उछाल आया है।अप्रैल का महीना भी मई-जून की तरह तप रहा है। गर्मी के तेवर तल्ख हो गए हैं रविवार को पारा चढ़ने के साथ ही लोग गर्मी से व्याकुल होने लगे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। दिन का तापमान 40 डिग्री तक और रात्रि का तापमान 24 से 25 डिग्री रहने के आसार हैं। बताया कि अप्रैल से मई के दौरान अधिकतम तापमान 0.71 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा। लोग गर्मी से बचने के लिए आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

# किसान पंचायत में गूंजा गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की कमी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की रविवार को प्रदेश महासचिव के आवास पर हुई। पंचायत में गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की कमी का मुद्दा उठाया।

भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि क्रय केंद्रों पर बारदाना नहीं होने का फायदा उठाकर व्यापारी और आढ़ती किसानों का औने-पौने दाम में गेहूं खरीद रहे हैं।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि जिले में गेहूं की कटाई आधी से ज्यादा निपट चुकी है लेकिन, अभी तक सरकारी केंद्रों पर बारदाना भी नहीं पहुंचा है। केंद्र प्रभारी बारदाना न होना बताकर किसानों का गेहूं नहीं तौल रहे हैं। मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं व्यापारियों को सस्ते में बेचना पड़ रहा है । प्रदेश सचिव ने प्रशासन से गेहूं क्रय केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना मुहैया कराने की मांग की। पंचायत में बाल किशोर पांडेय, आनंद पांडेय, अनमोल पांडे, संतराम सेठ, भगत सिंह, मोहम्मद तालिब, दरबारी लाल शर्मा, भजनलाल लोधी, मोहम्मद मुस्तकीम, संतराम लोधी, रामावतार, मास्टर लखन सिंह, चेतराम सिंह, नूर अहमद, अशोक सागर, हरिओम, रवि आदि मौजूद रहे।


पंचायत में बोलते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

### धर्मस्थल में तोड़फोड़ की आरोपी युवती गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** शहजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव दबका में गैंगरेप पीड़िता ने शनिवार को धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ की। खिड़कियों के शीशे तोड़ डाले। आरोप है कि धार्मिक किताबें और चादर समेत अन्य सामान जला दिया। मस्जिद में ताला भी जड़ दिया। युवती के साथ एक महिला दरोगा और तीन सिपाही भी थे। उसे हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस सुरक्षा के लिए मिली हुई है। युवती करीब 40 मिनट तक उत्पात मचाती रही। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। युवती फैशन डिजाइनर और मेकअप आर्टिस्ट है। युवती ने अपने 4 मामा समेत 13 लोगों पर गैंगरेप और संपत्ति हड़पने का केस दर्ज करा रखा। दो आरोपी मामा ग्राम प्रधान और एक 25 साल से जिला पंचायत सदस्य है। इस मामले में पुलिस ने युवती और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# बंदरों के हमले में छत से कूदी महिला की मौत

संवाददाता सैफनी

- सैफनी क्षेत्र के गांव रवाना का मामला

**अमृत विचार:** सैफनी थाना क्षेत्र के रवाना गांव में रविवार दोपहर बंदरों के झुंड ने छत पर चढ़ी महिला पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। महिला ने बचने के लिए छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

रवाना गांव निवासी मिट्ठन पाल की पत्नी राजवती (47) रविवार दोपहर 2 बजे के समय अपने घर की छत पर सूखे हुए कपड़े उतारने गई थी। लोगों ने बताया कि इसी दौरान अचानक बंदरों के बड़े झुंड ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। हमले से राजवती बुरी तरह घबरा गई और जान बचाने के लिए छत से नीचे सड़क पर छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण राजवती के सिर और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें लग गई जिससे वह लहूलुहान हो गई और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से पूरे गांव में गम का माहौल बन गया है बताया जा रहा है कि राजवती के पति मिट्ठन पाल की मौत दो साल पहले ही हो चुकी थी। पति के जाने के बाद राजवती ही घर का सहारा थीं। मृतक के अभी शादी के लिए एक लड़का एक लड़की रह गई हैं। उनकी अचानक मृत्यु के बाद उन के दो बच्चों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया है। घटना के बाद से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर वीर सिंह गांव के मरीज देखने के लिए गए थे, तभी रास्ते में 25 से 30 बंदरों के झुंड ने उन पर भी हमला कर दिया गांव वालों ने बड़ी मशक्कत से उन्हें बचाया।

# तिपहिया-चौपहिया वाहनों से लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बीच बाजार में यातायात पर कोई नियंत्रण नहीं

**अमृत विचार:** शहर की संकरी सड़कों पर तिपहिया और चौपहिया वाहनों से अक्षय तृतीया पर बाजारों में जाम लगा रहा। जाम के बीच बीमार लोगों को अस्पताल तक ले जाने में लोगों को बहुत परेशानी हुई। राजद्वारा, हामिद गेट, जामा मस्जिद, बैजनाथ गली के सामने से बैरिकेडिंग हटने से जाम का झाम बढ़ गया।

तपती दोपहरी में लोगों का बाजारों से पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया। बाजार से निकलने में लोगों को आधा- एक घंटा लगा। त्योहारों पर पुलिस प्रशासन ने शहर के मुख्य बाजारों में जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग लगा देता है जिसके कारण बाजारों में अधिकांश पैदल लोग पहुंचते हैं और जाम की समस्या पेश नहीं आती। लेकिन बैरिकेडिंग हटने से जाम की समस्या दरपेश आ रही है। सर्वाधिक जाम राजद्वारा, मिस्टन गंज, हामिद गेट, बाजार नसरुल्लाह खां, बाजार अब्दुल्ला गंज, बाजार सफदरगंज और पुराना गंज में लगता है। सुबह से शाम तक यह क्षेत्र जाम की गिरफ्त में रहते हैं। जि

सके कारण लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है। दोपहर में स्थित और भी ज्यादा विकराल रूप ले लेती है। दूर-दूर तक बेतरतीब ई रिक्शा चालक, साइकिल, बाइक, थ्री व्हीलर, पैडल रिक्शाएं आमने-सामने आ जाती हैं। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रह जाते हैं। इसके अलावा स्कूल की छुट्टी होने पर छोटे-छोटे बच्चे जाम में फंसकर हलकान हो जाते हैं।


नगर पालिका परिषद के निकट लगा जाम।

**बेतरतीब ई-रिक्शा बढ़ा रहे परेशानी:** जाम का बड़ा कारण ई रिक्शा चालकों में ट्रैफिक सेंस नहीं होना है। सड़क के किनारे सवारी को देखकर वह तुरंत ही ब्रेक लगा देते हैं जिसके कारण पीछे चलने वाले वाहन ई रिक्शा में घुस जाते हैं। इसके बाद सवारी को खड़ा देखकर दूसरी ओर से दूसरे ई रिक्शा चालक दौड़ पड़ते हैं और रास्ते पर जाम लग जाता है।

इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस के नहीं होने से भी जाम की स्थिति बनी रहती है। किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक सिपाही ट्रैफिक को कंट्रोल नहीं करते। इस कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है। ने वाले ठेले भी जाम का एक बड़ा कारण हैं।

### जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का चुनाव 29 को

**रामपुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन 29 अप्रैल को होगा। ब्लॉक चमरौआ स्थित प्राथमिक विद्यालय बाकर के सामने मैदान में सुबह 11:30 बजे से शुरू होकर मतगणना तक चलेगा। जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि मंडल अध्यक्ष राजबहादुर और मंडल महामंत्री हिरेंद्र कुमार ने चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। संभल की जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की को चुनाव अधिकारी बनाया गया है, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कुमार और मुरादाबाद मंडल के संयुक्त मंत्री सुभाष चंद्र सिंह को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जनपद रामपुर के सभी ब्लॉक इकाइयों के चुनाव नवंबर-दिसंबर 2025 में ही संपन्न हो चुके हैं।

# शाहबाद में हुए सड़क हादसे किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**अमृत विचार:** किसान परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं। शादी का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को मुरादाबाद के कुंदरकी बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। शनिवार शाम करीब 4 बजे हुए इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।


मृतक रामचंद्र।

मिलक क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द से पूर्व प्रधान छत्रपाल की बेटी मंजू की शादी का लगन का सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली से फरीदी गांव ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुंदरकी वापसी मार्ग पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और शादी का सामान सड़क पर बिखर गया। हादसे में ट्रॉली सवार रामचंद्र सागर, भूरे उर्फ धन सिंह राजपूत और राजेश दिवाकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रामचंद्र सागर को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से दो युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र के गांव जगुआ खुर्द निवासी ऋषभ पुत्र प्रेमचंद व शिवम पुत्र शिवचरन बाइक पर सवार होकर रविवार की दोपहर नगर में मोबाइल खरीदने आ रहे थे। बाइक अतरासी मार्ग पर शाहपुर उर्फ भूत खदेड़ी गांव के सामने पहुंची तो सामने से आ रही स्विफ्ट ने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। सीएचसी से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने युवकों के मोबाइल के माध्यम से परिजनों को सूचित किया। जबकि कर चालक मौके पर कर छोड़कर फरार हो गया है अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

### भूमि विवाद में फायरिंग बाल-बाल बचा युवक

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रझौहा के मजरा झुलपुरी में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट व फायरिंग हो गई। रजबपुर क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी राजवती पत्नी परम सिंह के अनुसार, उन्होंने झुलपुरी में गाटा संख्या 30/1 पर भूमि खरीदी थी, जिसे गांव के ही एक युवक को ठेके पर दिया था। आरोप है कि ठेके की रकम को लेकर विवाद शुरू हुआ और युवक ने जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। शनिवार दोपहर जब राजवती का परिवार खेत पर पहुंचा, तो आरोपी पक्ष ने अपने परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। पीड़िता का दावा है कि उनके पास घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में मौजूद है। आरोप है कि फायरिंग के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली तलब किया गया है।

# गाजेबाजे के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

## शहर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित, गोष्ठियों में वक्ताओं ने रखे विचार, प्रतिमा पर माल्यार्पण

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में शनिवार की शाम भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। पुलिस की कड़ी चौकसी रही।

नगर के मां ललिता देवी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने ब्राह्मण सभा पदाधिकारियों के साथ शोभायात्रा का आरंभ किया। भगवान परशुराम की अलग अलग प्रसंग को प्रस्तुत कर रहीं कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। साथ में चल रहे बैंड बाजे से भगवान परशुराम के जीवन की महत्ता को प्रकट करने वाले भजनों के स्वर गूंजते रहे। मंदिर परिसर से शुरू होकर यात्रा पुराना डाकखाना, अवन्तिकानगर, इंदिरा चौक, डिग्री कॉलेज मार्ग, खादगूजर तिराहे पर पहुंचकर शिव इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष डा.रविभूषण शर्मा, पूर्व चेयरमैन रोहताश शर्मा, डा.प्रदीप शर्मा, महामंत्री रोहित शर्मा, डा.राजीव शुक्ला, डॉ.रविन्द्र शुक्ला, विपिन कौशिक, शुभम उपाध्याय, अश्वनी शर्मा, विपिन सागर, देवराज शर्मा, समीर प्रभाकर, प्रमोद उपाध्याय, खेमराज शर्मा, योगेश प्रभाकर, विपिन शर्मा, देवेश शर्मा, लोकेश शर्मा, उत्तम शर्मा, संतोष शर्मा, दीपक शर्मा, वीके शर्मा, प्रमोद तिवारी, सार्थक शर्मा, मुकेश शर्मा, निगम वर्मा, सुरेंद्र स्वामी, महेंद्र स्वामी, प्रधानाचार्य शरद शर्मा आदि मौजूद रहे।

**मंत्रोच्चारण के साथ मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव:** हसनपुर में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित बृजलाल पुरोहित ब्राह्मण धर्मशाला के सत्संग भवन में पंडित विनय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पंडित कृष्ण शास्त्री तथा पंडित महेश चंद्र शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन-पूजन किया। ब्राह्मणों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं। कार्यक्रम में समाज की एकता और भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विशाल शर्मा, विवेक शर्मा, सुंदरलाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, अशवनी शर्मा, देवेंद्र शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, सुदेश चंद्र शर्मा, प्रवेश शर्मा, मंगल सिंह शर्मा, ललित शर्मा, मनोज शर्मा उपस्थित रहे।



स्वागत करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार



भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर नमन करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पौधरोपण का दिया संदेश

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीपरशुराम धाम सेवा समिति धनौरा के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी श्रीपरशुराम धाम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: धाम परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीपरशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। जगह-जगह लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत भी किया। ब्राह्मण सभा के नगर अध्यक्ष राजीव दीक्षित ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। समापन पर परशुराम धाम में प्रात: 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर विश्व कल्याण, शांति एवं देश की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर राजीव दीक्षित, नरेंद्र शर्मा, हरिओम त्रिवेदी, सुदीप शर्मा, संजीव दीक्षित, संजू शर्मा, कौशल शुक्ला, सुमित शर्मा समेत कई लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सपाइयों ने भगवान परशुराम को किया नमन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। नगर के मोहल्ला होली वाला स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर कर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम आदि काल के समाजवादी थे। वे भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे और भगवान शिव के परम भक्त थे। कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। रिंकू शर्मा, सौरभ अग्रवाल, संदीप गुर्जर, गोलू त्यागी, अंशु त्यागी, संजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।



हवन-पूजन के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं भगवान परशुराम



**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर के वासुदेव तीर्थ स्थल स्थित भगवान परशुराम मंदिर में रविवार को ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की मूर्ति के विधिवत स्नान से हुई। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं.विजय चतुर्वेदी और महामंत्री पं. कपिल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगाजल से मूर्ति का अभिषेक कराया। इसके पश्चात भगवान को नवीन वस्त्र और आकर्षक आभूषण पहनाकर उनका श्रृंगार किया गया तथा माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पं. आशुतोष त्रिवेदी के नेतृत्व में वैदिक रीति-रिवाज से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आरती में भाग लिया और भगवान परशुराम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं.पवन कौशिक और पं.मनु शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं और वे धर्म, शक्ति व ज्ञान के प्रतीक हैं। वह केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विजय चतुर्वेदी, कपिल शर्मा, सुशील शर्मा, पवन कौशिक, मनु शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, सीताराम बंधु, वीरेंद्र कुमार पाठक, पवन कुमार शर्मा, अतुल पंडित, संजय भारद्वाज, दीपक शर्मा, ललित शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, राजीव शुक्ला, उपेंद्रनाथ त्रिवेदी, विपुल शर्मा, वरुण त्रिवेदी, प्रतुल शर्मा, पीयूष शर्मा, रिशु दीक्षित सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### विधायक राजीव तरारा ने किया स्वागत

विधायक राजीव तरारा ने शहर के इंदिरा चौक पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कॉलेज के गेट के अलावा सभी जातियों के लोगों ने पुष्पवर्षा की। राजीव कुमार सिद्धू, नवीन कुमार गर्ग, दीपक गुप्ता, अंकित चौधरी, अनिल सिरोही, जितेंद्र शर्मा मौजूद रहे।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामपुर**

पत्रांक : एस.एस.ए./जैम बिड/198-205/2026-27 दिनांक : 16.04.26

**जैम पोर्टल पर निविदा आमंत्रण**

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ के पत्रांक के.जी.बी.वी./जैम पोर्टल/8989/2025-26 दिनांक 19.02.2026 में दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद रामपुर में संचालित 07 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों एवं उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यलयों में खाद्यान्न सामग्री, शिक्षण सामग्री एवं अन्य दैनिक उपभोग सामग्री क्रय हेतु वर्ष 2026-27 में जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा में इच्छुक पंजीकृत फर्म निविदादाता जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | मद | जैम निविदा संख्या | प्रकाशन तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खाद्यान्न सामग्री | GEM/2026/B/7426232 | 14.04.2026 | 24.04.2026. 13:00:00 |
| 2. | शिक्षण सामग्री | GEM/2026/B/7424861 | 14.04.2026 | 29.04.2026. 13:00:00 |
| 3. | अन्य दैनिक उपभोग सामग्री | GEM/2026/B/7426577 | 14.04.2026 | 29.04.2026. 13:00:00 |

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
रामपुर


## धूमधाम के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**हसनपुर, अमृत विचार:** गांव शाहपुर कलां में रविवार को आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह आर्य ने की। महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि देश को मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाने में बाबा साहब ने संविधान का निर्माण किया। जिसकी बदौलत आज हमारा देश हर क्षेत्र में सुख समृद्धि की राह अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। इसमें हर वर्ग के हित निहित हैं शोषित वंचित और महिलाओं को उनके हक और अधिकारों की पैरवी मजबूती के साथ की गई है। मुख्य वक्ता चंद्रपाल सैनी ने कहा कि आज अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग अपने हक और अधिकारों के लिए जमीनी काम नहीं कर रहा है। एकजुट होकर बाबा साहब की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना होगा। अध्यक्षता ग्राम प्रधान मीनू रानी नेक तथा संचालन प्रधान पति मास्टर जगत सिंह ने किया। आंबेडकर जन्मोत्सव समिति शाहपुर कला के पदाधिकारी एवं ग्रामीण रहे।

## रक्तदान शिविर में 82 यूनिट रक्त संग्रह, हेलमेट देकर किया सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** अलीगढ़ हॉस्पिटल में रविवार को डॉ. याकूब अली चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 82 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

शिविर में पेनिसिया ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान डॉ. आसिम अली ने बताया कि मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के कारण अस्पतालों में रक्त की मांग लगातार बढ़ रही है, जबकि उपलब्धता कम हो रही है। ऐसे में रक्तदान शिविरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के शिविर आयोजित कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाता है। रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर डॉ. याकूब अली, डॉ. आसिम अली, मनीष कुमार, जतिन कुमार, राजकुमार, धर्मपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### फैक्ट्री की तालाबंदी कर रोड जाम करेंगे

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन रविवार को 120वें दिन भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र के किसानों को पिछले 30 सालों से जहरीला पानी पीना पड़ रहा है। जिससे हजारों किसानों की मौत चुकी हैं। 120वें दिन से लगातार प्रशासन के उच्च अधिकारी किसानों के बीच पहुंचकर समाधान के लिए तारीख पर तारीख दे रहे हैं लेकिन समाधान नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब यह तारीखों का दौर खत्म कर अधिकारों को दिए गए। समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो कोई तारीख नहीं दी जाएगी। फैक्ट्री की तालाबंदी कर रोड जाम किया जाएगा। रामकृष्ण चौहान ने कहा कि 5 अप्रैल को अधिकारियों ने किसानों के बीच पहुंचकर सिंचाई और शुद्ध पेयजल दिलवाने का वादा किया था। लेकिन अधिकारियों के वायदे को एक हफ्ता बीत चुका है। लेकिन पानी का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अब्दुल रशीद, मंडल अध्यक्ष एहसान अली, दिलशाद चौधरी, फहीम चौधरी, तौफीक चौधरी नासिर चौधरी, सर्फर चौधरी, शकीरा चौधरी, पृथ्वी सिंह, विजय सिंह, रामपाल सिंह, रामप्रसाद सिंह, ओम प्रकाश सिंह आदि रहे।



### अग्रवाल सभा की बैठक में समाज के उत्थान पर विचार विमर्श

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के एक रेस्टोरेंट में रविवार अग्रवाल साहब की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के उत्थान के लिए विचार विमर्श किया गया। नगर के एक रेस्टोरेंट में अग्रवाल सभा पंजीकृत अग्रोहा धाम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर उनकी आरती करके किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शिवचरण अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के एकजुटता पर बल देते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कही। वहीं अन्य बातों पर भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश कुमार अग्रवाल ने की। तथा संचालन महामंत्री मुकेश गोयल ने किया। बैठक में पराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मनोज गोयल, मयंक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, पौरुष अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा वापस न लेने पर पत्नी से मारपीट

**अमरोहा, अमृत विचार :** मोहल्ला दरबारे कलां की पीलू गली निवासी नसीम ने बेटी शाजिया की शादी मोहल्ले के ही मुरादाबादी गेट निवासी शाहरुख के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते शाजिया मायके में रहने लगी। इस दौरान उसने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया, जो न्यायालय में विचाराधीन है। पति शाहरुख और उसके परिजन लगातार शाजिया पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे। 29 जनवरी को शाहरुख ससुराल पहुंचा और शाजिया से मुकदमा वापस लेने को कहा। इनकार किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए उसे तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म करने की बात कही। घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी पति शाहरुख के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### फूलपुर पहुंचे गणमान्यों ने गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को दी सांत्वना

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने रविवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर पहुंचकर गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को सांत्वना दी। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शिक्षा विद व समाजसेवी डॉ सुरेश चंद नागर ने मृतक अतुल कसाना व सोहित के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने परिजनों को प्रदेश सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया ने कहा कि हाई कमान को घटना की जानकारी देकर पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गंगा नहाने गए गांव फूलपुर निवासी अतुल कसाना उम्र करीब 21 वर्ष व रोहित कुमार उम्र करीब 19 वर्ष की शुक्रवार दोपहर पौरारा घाट पर गंगा में डूबने से मृत्यु हो गई थी। स्थानीय लोगों पर गोताखोरों ने करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों मृतकों के शवों को बरामद किया था। इस मौके पर एडवोकेट आशुतोष मुखिया, दिनेश लोहिया, राजा गुर्जर, अंकित गुर्जर, अमित कुमार, सचिन नागर, विवेक कटारिया, आलोक कटारिया, दलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



### अक्षय तृतीया पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**सनपुर, अमृत विचार :** रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन शीतल पेय का दान अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। नगर में कई जगहों पर राहगीरों को स्टॉल लगाकर पानी पिलाया गया। संजीव गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पानी पिलाया गया। इस मौके पर मनोज गर्ग, संजय गर्ग, संजीव गर्ग, राजीव अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल, शौर्य गर्ग, अर्थ अग्रवाल, वैष्णवी, यशिका आदि मौजूद रहे।

### एक ही रात में दो घरों से लाखों का सामान पार

**सैदनगली (अमरोहा), अमृत विचार:** नगर पंचायत सैदनगली में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए।

सब्दलपुर शर्की निवासी नन्हे ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी करता है और घर पर परिवार रहता हैं। शनिवार देर रात चोरों ने कमरे के पीछे नकब लगाकर सोने की झुमकी, अंगूठी, चांदी की पाजेब, बच्चों के लॉकेट समेत भूसा खरीदने के लिए रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। कीमत करीब एक लाख रुपये है।

दूसरी घटना गांव निवासी कपिल पुत्र श्यामलाल के घर में हुई। चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए, जबकि परिजन बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी करीब 60 से 70 हजार रुपये की नकदी, बच्चों की गुल्लक और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इनमें सोने की लॉन्ग, पेंडल, मंगलसूत्र, अंगूठी, पाजे आदि शामिल हैं। पीड़ित ने कुल कीमत लगभग चार लाख बताई है। पीड़ितों ने तहरीर दी है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि दोनों घटनाएं संज्ञान में हैं। जांच की जा रही है।

### झारखंड पुलिस की छापेमारी किशोरी बरामद

**कैला देवी/संभल, अमृत विचार:** कैला देवी क्षेत्र के गांव शकरपुर में झारखंड पुलिस ने देर रात छापेमारी कर एक किशोरी को बरामद किया। गांव निवासी एक व्यक्ति की ससुराल बिहार में है। उसके साढ़ू के लड़के की इंस्टाग्राम पर झारखंड की एक किशोरी से दोस्ती हो गई थी। बातचीत के बाद किशोरी बिहार पहुंच गई, जहां से उसे शकरपुर गांव लाया गया। जानकारी मिलने पर झारखंड पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर गांव में देर रात दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर अपने साथ ले गई।




न्यूज ब्रीफ

## भाजपा नगर इकाई ने किया हवान- पूजन

**संभल,अमृत विचार :** भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल एवं नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान आयोजित यज्ञ और पूजा-अर्चना में भी सभी ने सहभागिता करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन त्याग, तपस्या और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में धार्मिक भावना के साथ-साथ एकता और समरसता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम में प्रतीक गुप्ता, हर्षित शर्मा हनी, गोपाल शर्मा, शोभित गुप्ता, दिनेश कुमार जाटव, गणेश शर्मा अन्य मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** हाईवे पर रविवार की सुबह बाइक सवार पति-पत्नी व बेटे को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया महिला के सिर से उतर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पति और बेटा गंभीर घायल हो गए। मौलागढ़ की मिलक निवासी लक्ष्मी (45) रविवार सुबह साढ़े पांच बजे पति प्रेम किशोर और बड़े बेटे यश के साथ बाइक से गांव आटा स्थित पेट्रोल पंप के पास खेत पर जा रही थी। बहजोई रोड पर आंबेडकर पार्क के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान चंदौसी की ओर से आ रही सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया लक्ष्मी के ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रेम किशोर व यश को अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

# कल्कि नगरी में निकाली परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा

## शंकर कॉलेज में भगवान परशुराम की आरती में जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु, झांकियों ने मोहा मन



संभल में भगवान परशुराम की शोभायात्रा में जीप पर सवार अतिथि। ● अमृत विचार



शंकर कॉलेज चौराहा पर भगवान परशुराम की आरती करते पुरोहित व आरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **परशुराम की सजीव एवं आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही**

**अमृत विचारः** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। विशेष रूप से शंकर चौराहा पर आयोजित भगवान परशुराम की आरती में बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

शोभायात्रा का आरंभ पक्का बाग मंदिर परिसर से हुआ, जहां पूज्य डॉ. कर्णपुरी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत बाल योगी दीनानाथ महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को रवाना किया। जयघोष और भक्ति गीतों के बीच यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सजीव एवं आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके साथ ही भगवान कल्कि की घोड़े पर सवार झांकी ने भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया। गुरुकुल के आचार्य पवन मिश्र के नेतृत्व में बाल बटुकों द्वारा किए गए स्वस्तिवाचन से वातावरण पूरी तरह वैदिक और आध्यात्मिक हो उठा। इसके अतिरिक्त अन्य कई भव्य झांकियां भी शोभायात्रा में शामिल रहीं, जिन्होंने आयोजन की शोभा बढ़ाई। हरिहर अखाड़े के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए पराक्रमी और रोमांचक करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। शोभायात्रा चौधरी सराय, मनोकामना मंदिर, कल्कि विष्णु मंदिर, रामलीला मैदान सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई शंकर कॉलेज चौराहा पहुंची, जहां भगवान परशुराम की भव्य आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती करने वाले विशेष पुरोहितों द्वारा की गई आरती को देखने और उसमें शामिल होने के लिए भारी भीड़ जुटी। इस अवसर पर कमल कांत तिवारी, जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह 'रिंकू', उमेश शर्मा, संजीव शुक्ला, राज कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में दिनेश जाटव आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नगर वासियों ने पुष्प वर्षा व जलपान कराया

**बहजोई , अमृत विचार :** रविवार सुबह भगवान श्री परशुराम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में भगवंतपुर देवी मंदिर के निकट स्थित श्री परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। समिति पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु बैंड-बाजों के साथ भगवान के रथ के आगे जयघोष करते हुए चल रहे थे। डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों पर युवक उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए चल रहे थे। इसके पीछे श्री हनुमान, मां दुर्गा, भगवान श्रीराम सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। सबसे अंत में भगवान परशुराम का सुसज्जित रथ चल रहा था, जिस पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विकास वार्ष्णेय जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ललित मोहन शर्मा नगर अध्यक्ष भाजपा, नीरज गोपी मिल, राहुल शंकर, अक्षय शर्मा लालू, जगदीश शर्मा, कृष्ण मुरारी शंखधार रहे।

### जय परशुराम व जय श्रीराम के जयकारों की गूंज

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां में शोभायात्रा का आरंभ दंडी स्वामी डॉ. आनंद आश्रम हरि बाबा बांध धाम ने विधि-विधान के साथ किया। इसके बाद शोभायात्रा चौकी रोड से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, होली चौक और गढ़ी रोड से होते हुए बबराला चौराहे तक पहुंची और अंत में शिशु मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। 'जय परशुराम' और 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। झांकियां और सजे-धजे वाहन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, चेयरमैन भगवानदास दिवाकर, हरीश शर्मा, अमित शर्मा, विजय शर्मा, विपिन शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा मौजूद रहे।

### आकर्षक ढंग से सजाया महादेव मंदिर

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर के कोट पूर्वी मोहल्ला स्थित चौहट्टेश्वर महादेव मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरुआत श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। विधि-विधान से स्नान, पूजन, भोग और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रविवार सुबह यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



शोभायात्रा में सिर पर कलश यात्रा रखकर चलती महिलाएं। ● अमृत विचार



रजपुरा के गवां कस्बे में शोभायात्रा में शामिल पूर्व विधायक अजीत यादव व अन्य।



संभल के चौहट्टेश्वर महादेव मंदिर में यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार





चंदौसी में शोभा यात्रा में मौजूद राज्य मंत्री गुलाब देवी व अन्य गणमान्य। ● अमृत विचार

### झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**चंदौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ के तत्वावधान में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। आरंभ ब्राह्मण समाज के बुजुर्गों ने भगवान परशुराम के रथ पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यात्रा बड़ा महादेव से प्रारंभ होकर बूढी माता, कैथल गेट, ब्रह्मा बाजार, पकडयाई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, बिसौली गेट, मनिहार चौक, सीता रोड, होती हुई रघुनाथ आश्रम पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान गणेश ,राधा कृष्ण, भगवान परशुराम, रामलला , द्वारकाधीश , जगन्नाथ , बद्रीनाथ आदि की इस दर्जन से भी अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। डीजे पर युवा नृत्य करते चल रहे थे। संभल से आए कलाकारों द्वारा जगह-जगह पर सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। महाकाली का स्वरूप सभी का मन मोह रहा था। ब्राह्मण सभा ओर महिला ब्राह्मण सभा का भी सहयोग रहा। इसके अलावा विवेक मिश्रा, मुकेश गौड़, विवेक शर्मा गुमथल, सचिन मिश्रा, सचिन शर्मा, पराग शर्मा, निशांत शर्मा, सौरभ शर्मा, ओम भारद्वाज, विनीत शर्मा, बृजेश शर्मा, अमोल शर्मा, अभिषेक पाराशरी, बनवारी लाल पाठक, डॉ राजीव लोचन शर्मा, अतुल शर्मा, जितेंद्र नाथ मिश्रा, संगीता भार्गव सुधा शर्मा, रंजना शर्मा, रानी शर्मा, डोली शर्मा, प्रीति शर्मा, सहित सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### अन्याय के खिलाफ खड़े होने की दी प्रेरणा





बबराला नगर पंचायत कार्यालय में भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल लोग।

**बबराला अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में भगवान परशुराम जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर कार्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, पराक्रम और धर्म के प्रतीक हैं, जिनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर डॉ. सुधींद्र शर्मा, ब्रजेश शर्मा, शिवनारायण शर्मा, देवदत्त शर्मा, विष्णु गौतम, अनुज शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, सोमेश पाठक, नितिन आइडिया, कल्पित गोयल और नारायण शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# विवाद के चलते भगवान परशुराम मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा पर लगी रोक

● **बहजोई के राजपुर गांव में पुलिस बल तैनात**

संवाददाता, बहजोई



आयोजकों से बात करते सीओ दीपक तिवारी व कोतवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर बहजोई ब्लॉक क्षेत्र के गांव राजपुर में विवाद व विरोध के चलते पुलिस प्रशासन ने परशुराम भगवान की मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा पर रोक लगा दी। दो पक्षों के बीच संभावित विवाद को देखते हुए अधिकारियों ने स्थिति संभाली। हालांकि गांव में पुलिस बल तैनात है।

रविवार को राजपुर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के साथ ही शोभायात्रा निकालने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच ठाकुर व अन्य समाज के लोगों ने आपत्ति जताई और इसे नई परंपरा बताते हुए विरोध किया। विरोध की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। उपजिलाधिकारी नीतू सिंह, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के लोगों से अलग-अलग वार्ता कर समझाने का प्रयास किया। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि यदि कार्यक्रम की अनुमति दी जाती तो दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ सकता था, जिससे क्षेत्र की शांति भंग होने का खतरा था। वहीं आयोजन की तैयारी कर रहे लोगों ने प्रशासन के फैसले पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि उन्होंने पूर्व में ही थाना पुलिस को अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र दिया था और उन्हें मौखिक रूप से आश्वासन भी मिला था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांव में इस तरह की मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा की कोई पूर्व परंपरा नहीं रही है। नई परंपरा शुरू होने पर अक्सर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, इसलिए सावधानी बरतते हुए कार्यक्रम को रोका गया है। फिलहाल गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है।

# पत्नी को डराने के लिए छत से लटकाया बेटा, गिरकर मौत

संवाददाता, बिसौली/संभल

● **शनिवार रात साढ़े 1 बजे पति-पत्नी में हुआ था विवाद**

**अमृत विचार :** विवाद के बाद पत्नी को डराने के लिए पति ने छह महीने के बेटे को छत से लटका दिया। दोनों में हुई धक्का-मुक्की में बच्चा छत से नीचे जा गिरा। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में बच्चे की मौत हो गई। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मलखानपुर निवासी हेमपाल दिवाकर उर्फ मुखिया प्रधान के घर शादी समारोह था। रविवार को उनके घर सौरभ पुत्र प्रमोद की शादी होनी थी। परिवार में खुशी का माहौल था। प्रमोद की बेटी जिला संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव बेहटा निवासी कुमकु, पति बॉबी और दो बच्चों के साथ शादी में शामिल होने आई थीं। शनिवार रात लगभग साढ़े 11 बजे कुमकुम बच्चों के साथ घर की छत पर लेटी थीं। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कुमकुम का पति बॉबी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बॉबी नशे में था। उसने पत्नी को डराने के लिए छह महीने का अपना बच्चा राघव छीन लिया और छत से नीचे लटकाने लगा। बच्चे को छोड़ने की धमकी देने लगा। कुछ लोग बच्चे को पकड़ने के लिए नीचे की ओर भागे। पत्नी ने बच्चा वापस लेने की कोशिश की। इसी दौरान धक्का-मुक्की में बच्चा उसके हाथ से छूट गया। बच्चा जमीन पर जा गिरा। परिजन बच्चे को बिसौली और चंदौसी के अस्पताल ले गए जहां से मुरादाबाद ले जाते समय रविवार सुबह लगभग चार बजे रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। बिसौली कोतवाल कमलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा



आंबेडकर शोभायात्रा में शामिल युवतियां। ● अमृत विचार



चंदौसी में शोभायात्रा का आरंभ करते सपा नेता सतीश प्रेमी व विमलेश कुमारी।

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर सरायतरीन में रविवार को भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाला गया। जुलूस में क्षेत्र के सभी वर्गों की सहभागिता रही।

शोभायात्रा की शुरुआत सरायतरीन शाहजीपुरा क्षेत्र से हुई, जो निर्धारित मार्ग से होते हुए हयातनगर, अंबेडकर प्रतिमा स्थल, पुलिस चौकी और पुरानी चुंगी से गुजरकर पुनः सरायतरीन मुख्य बाजार पहुंचा। पक्का बाग आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। जुलूस का आकर्षण झांकियां रहीं, जिनमें बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक समानता के लिए किए गए प्रयासों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। हाथी, घोड़े और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था।आयोजन समिति से जुड़े राकेश ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष पूरे क्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया जाता है। जुलूस के दौरान महिलाएं, बच्चे और युवा मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर झांकियों का आनंद लेते नजर आए। जय भीम के जयकारों और देशभक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पुलिस बल तैनात रहा।

### कैथल में निकाली गई डॉ अंबेडकर की शोभायात्रा

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव कैथल में रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड बाजे, डीजे के साथ लोग बाबा साहब तथा भगवान बुद्ध के नारे लगाते हुए चल रहे थे। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ किया। भगवान् बुद्ध व बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। भंते जी ने पंचशील का पाठ कर सभी से धम्म के मार्ग पर चलने आवाह्न किया। सतीश प्रेमी ने कहा किआंबेडकर ने संविधान बनाकर दलितों, पिछड़ों व संपूर्ण महिला समाज की हजारों वर्ष पुरानी गुलामी की बेड़ियां काटी। इस दौरान रामरूप सिंह रूपी, विमलेश कुमारी, योगेश कुमार, विनोद कुमार, मुकेश, . गौतम, कपिलदेव, अमरपाल सिंह, हरिशंकर, कुमेश कुमार, दीपक कुमार, विजेंद्र सिंह, राहुल गौतम, प्रमोद कुमार, कैलाश चटवाल, राजू अनजान, सुरेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# ढाई महीने बाद चोरी का मुकदमा दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचारः** असमोली क्षेत्र के गांव सैंधरी में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने करीब ढाई महीने बाद मुकदमा दर्ज किया है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

गांव सैंधरी निवासी संदीप कुमार के घर 4 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल चोर घर से दो छोटे-बड़े गैस सिलेंडर, दो इन्वर्टर, एक बैटरी और अन्य सामान ले गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद भी पुलिस की ओर से मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब करीब ढाई महीने बाद पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो खुलासा हो सकता था। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में अब जांच की जा रही है।

## न्यूज डायरी





### माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने किया ब्लड बैंक का आरंभ

**चंदौसी,अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित मोहन चैरिटेबल ब्लड सेंटर ब्लड बैंक का आरंभ रविवार माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक द्वारा किया गया। मोहन चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संचालक डॉ. श्याम गोआनी सक्सेना ने बताया कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प आज तक नहीं बन पाया है। सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने सुविधा के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने मोहन परिवार को शुभकामनाएं दी और इस पहल को क्षेत्र के विकास के लिए सराहनीय बताया। इस दौरान वक्ताओं ने रक्तदान करने के फायदे गिनाए। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. मनोज चौधरी, जज इश्तियाक अली, बीजेपी कोषाध्यक्ष अंकित जैन, पूर्व सीएमओ बदायूं डॉ. प्रदीप वाष्र्णेय, संजीव वर्मा महाप्रबंधक बजाज शुगर इंडस्ट्री, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. सलिल दीक्षित, डॉ. राम वाष्र्णेय, डॉ. मनीष वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, डॉ. मनोज आहूजा, मोहित वार्ष्णेय, डॉ. हरि प्रकाश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, नीरज बच्चन, अश्विनी सक्सेना, विष्णु एरन, अनुराग भार्गव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय गोयल ने किया ।

### 120 घंटे बाद बरामद हुआ गंगा में डूबे खनन ठेकेदार के मुंशी का शव

**संभल, अमृत विचार :** गंगा नदी में डूबे खनन ठेकेदार के मुंशी का शव करीब 120 घंटे बाद घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया। छह दिनों से स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। पुलिस-प्रशासन ने शव को आगे बहने से रोकने के लिए गंगा में कई स्थानों पर जाल भी लगवाए थे। जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव असादपुर स्थित अस्थायी गंगा घाट से दो किलोमीटर आगे रविवार सुबह करीब 10 बजे स्थानीय गोताखोरों ने मंगलवार को डूबे मुंशी प्रबल चौहान उर्फ प्रवीण कुमार (23) निवासी गांव दुर्गपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद का शव बरामद किया। थाना जुनावई प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गंगा में स्नान करने गया था, इसी दौरान वह गहरे गड्ढे में डूब गया था। छह दिन तक पानी में रहने के कारण शव पूरी तरह फूल गया था। घटना के बाद से ही स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम लगातार तलाश में जुटी हुई थी। प्रशासन द्वारा एहतियातन गंगा में कई स्थानों पर जाल डलवाए गए थे, ताकि शव ज्यादा दूर न जा सके। अंततः रविवार को शव बरामद होने पर परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



### कल्कि संभल में अधिवक्ता के साथी की भूमिका निभा रहा सलीम

**चंदौसी,अमृत विचार :** संभल के चर्चित 1978 के दंगों पर आधारित बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' की शूटिंग इन दिनों चंदौसी के एसएम कॉलेज परिसर में चल रही है। फिल्म में स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है, जिसके तहत शहर के एक युवक को महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव अधिवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि उनके साथी का किरदार चंदौसी निवासी सलीम अहमद उर्फ शेखचिल्ली निभा रहे हैं। सलीम अहमद इससे पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनके अनुसार वह 'खूनी जंग', 'गुमनाम बादशाह' और 'लगाम' जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। फिल्म कल्कि संभल के प्रोड्यूसर अमित जानी और निर्देशक भारत श्रीनेत हैं, जो संभल के 1978 के दंगों की पृष्ठभूमि पर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए चंदौसी के एसएम कॉलेज को प्रमुख लोकेशन बनाया गया है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तीन दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके बाद पुनः निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शूटिंग शुरू की जाएगी।



### स्कूल में बच्चों ने किया मेले का आयोजन,लगाए स्टाल

**चंदौसी, अमृत विचार :** न्यू सत्यम अकादमी, कैथल गेट में विद्यार्थियों द्वारा एक स्कूल फेयर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष विद्यालय की प्रबन्धक नमिता चौधरी, जाह्नवी चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार, उप प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्वेता मनचंदा के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। फेयर में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल, आकर्षक गतिविधियां एवं विद्यार्थियों द्वारा संचालित स्वादिष्ट फूड स्टॉल्स मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्नेहा, निशि, यशिका, अंशिका, मनु, आकांक्षा, दिव्यांशी, काजल, हिना, आयुषी, आरती, मीमांसा, मेधा, गुंजन, राखी, ऋतु, रूबी, सपना, कमलेश, अनन्या, चंचल, विदुषी, गीता, कीर्ति, कोमल, जयगोपाल, विशाल, विषय पाल, अभय, दामोदर, मुजम्मिल, नियाज़, देवरिषि, विशेष, गौरव आदि ने सहयोग किया।

